RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 249
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 03 जनवरी, 2024

# द अचीवर टाइम्स



## सरकार-ट्रांसपोर्टर्स के बीच सुलह ड्राइवर्स तुरंत काम पर लौटेंगे

# आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिट एंड रन से जुड़े कानून पर विवाद के बीच देशभर में ट्रांसपोर्टर्स और ड्राइवरों ने हड़ताल की। कानून के खिलाफ आक्रोश को देखते हुए गृह मंत्रालय ने तत्काल हस्तक्षेप किया। केंद्रीय गृह सचिव और ट्रांसपोर्टर्स के बीच बैठक के बाद सुलह हो गई। अब सभी ट्रांसपोर्टर विरोध छोड़कर तत्काल काम पर वापस लौटेंगे। हिट एंड रन को लेकर नए कानून के खिलाफ आक्रोश के बीच जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। ट्रांसपोर्टर्स ने देशव्यापी हड़ताल की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय गृह सचिव ने उनके साथ बैठक की। बैठक और वार्ता का नतीजा भी तत्काल देखने को मिला। अब ट्रांसपोर्टर तत्काल ड्यूटी पर लौटेंगे। इससे पहले अखिल भारतीय



परिवहन कांग्रेस की बैठक पर केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा, हमने आज अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

अजय भल्ला ने कहा, सरकार ये बताना चाहती है कि नए कानून और जुर्माने के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा, भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श किया जाएगा। ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टर की चिंताओं को सुनने के बाद ही अंति निर्णय लिया जाएगा।

अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस (ϵढ्ठस्र्ड्ढष्ट) के अध्यक्ष अमृत लाल मदन ने गृह सचिव के साथ बैठक के बाद गतिरोध खत्म करने की अपील की। उन्होंने ड्राइवरों से कहा, आप सिर्फ हमारे ड्राइवर नहीं, सैनिक हैं। हम नहीं चाहते कि आप किसी भी असुविधा का सामना करें।

उन्होंने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया है कि सरकार, कानून के तहत 10 साल की सजा और जुर्माने के प्रावधान पर रोक लगाएगी। अमृत लाल मदन के मुताबिक अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस की अगली बैठक तक कोई कानून लागू नहीं किया जाएगा।

### हिट एंड रन कानून में क्या बदला, क्यों सड़क पर उतरे ड्राइवर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून पर देशभर में बवाल खड़ा हो गया है। हाल ही में कानून में किए गए संशोधन का देशभर में चक्काजाम कर विरोध हो रहा है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र समेत कई प्रदेशों में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। सबसे ज्यादा असर मध्य प्रदेश में देखा जा रहा है। इस बीच ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और सरकार के बीच मंगलवार को दिल्ली में बैठक हुई। इसमें सरकार के आश्वासन के बाद हड़ताल को खत्म करने का निर्णय लिया गया। जिस नियम को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है वह हाल ही में संसद से पारित तीन नए कानून का हिस्सा है। दरअसल, आईपीसी की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 104 में हिट एन्ड रन का जिक्र किया गया है। यह धारा लापरवाही से मौत का कारण के लिए दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान करती है।

### 1800 करोड़ का कारोबार ठप
### रोडवेज को 15 करोड़ का नुकसान, पेट्रोल पंप पर लगी कतारें

लखनऊ। हिट एंड रन कानून में किए गए प्रावधानों के विरोध में मंगलवार को भी ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल जारी रखी। इससे दवाइयों, सब्जियों, डीजल-पेट्रोल सहित जनपयोगी वस्तुओं की सप्लाई बाधित हुई। प्रदेश में करीब 18 सौ करोड़ रुपये का कारोबार ठप हुआ है। शाम तक प्रदेश के एक चौथाई पेट्रोल पंप खाली हो गए। लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और ऊहापोह की स्थितियां पैदा हो गईं। वहीं दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव के साथ ट्रांसपोर्टरों की रात तक बैठक चली। बैठक में सरकार और ट्रांसपोर्टरों में सुलह हो गई है। रोडवेज का दावा है कि बसों का संचालन सोमवार की तुलना में मंगलवार को बेहतर रहा। शाम पांच बजे तक 45 प्रतिशत बसों का संचालन हुआ। रोडवेज की अनुबंधित समेत कुल 6958 बसों में से 3,812 का संचालन हुआ है। इसमें लखनऊ की बात की जाए तो 520 बसों में से 172 बसें रूट पर रवाना की गईं। हालांकि बसों के इस संचालन दो दिन की हड़ताल में रोडवेज को प्रदेश भर में 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, लखनऊ में यह नुकसान दो करोड़ रुपये के आसपास है। इतना ही नहीं ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल मंगलवार को चरम पर रही। ट्रकों को कतारों में खड़ा कर आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई को ठप कर दिया गया। इसमें लखनऊ के ट्रांसपोर्टनगर से दवाइयां व अन्य वस्तुओं की सप्लाई बाधित रही। प्रदेश में 60 हजार से अधिक ट्रकों को सड़कों पर नहीं उतारा गया। इससे तकरीबन 18 सौ से दो हजार करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित रहा।

## एक नज़र

### बीजेपी ने अपने बड़े नेता को पार्टी से निकाला, ये विवाद बना वजह

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को एक पत्र जारी करते हुए शशि यादव को तत्काल प्रभाव से अपने पद से मुक्त कर दिया है। उन्हें हटाने का पत्र जारी करते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आज दो जनवरी को पार्टी के शीर्ष प्रदेश नेतृत्व के द्वारा सभी मोर्चा अध्यक्ष और उनके अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की जानी थी, लेकिन पार्टी नेतृत्व को संज्ञान में लिए बिना शशि यादव ने युवा मोर्चे के सभी जिला पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने लेटर हेड पर पार्टी के कुछ अन्य जिला पदाधिकारी की भी नियुक्ति कर दी है। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें अनिश्चितकाल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया है।

### हार्वर्ड की अध्यक्ष क्लॉडाइन ने दिया इस्तीफा



**कैम्ब्रिज (अमेरिका)।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय की अध्यक्ष क्लॉडाइन गे ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया है। उनके ऊपर साहित्यिक चोरी और यहूदियों के विरोध में प्रतिक्रिया देने का आरोप है। गे ने हार्वर्ड समुदाय को लिखे एक पत्र में अपने इस्तीफा की घोषणा की। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि दुनिया भर में यहूदी विरोधी भावना की बढ़ती आशंकाओं और गाजा में इस्राइल युद्ध के परिणामों के बीच विश्वविद्यालय यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहा है। इस प्रतिक्रिया पर उनकी कड़ी आलोचना हो रही थी। गत महीने रिपब्लिकन के नेतृत्व वाली हाउस कमेटी ऑन एजुकेशन एंड वर्कफोर्स के समक्ष इन आरोपों का जवाब देने के लिए बुलाया गया था। गे ने बाद में माफी मांगते हुए द क्रिमसन स्टूडेंट अखबार को बताया कि वह हाउस कमेटी की सुनवाई में तीखी नोकझोंक में फंस गई और यहूदी छात्रों के खिलाफ हिंसा की धमकियों की ठीक से निंदा करने में विफल रहीं।

## लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा नागरिकता संशोधन अधिनियम

# छह समुदायों के लोग बन सकेंगे भारतीय नागरिक




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार के विश्वस्त सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में होमवर्क पूरा कर लिया है। संभव है कि जनवरी या फरवरी में सीएए के नियम लागू हो जाएंगे। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। ऐसे अल्पसंख्यक, 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत इस नियम को आसान बनाया गया है। नागरिकता हासिल करने की अवधि को 1 से 6 साल किया गया है। यह कानून, अभी तक इसलिए लागू नहीं हो सका, क्योंकि सीएए के तहत नियम बनाए जाने बाकी हैं।

राज्यसभा और लोकसभा में अधीनस्थ विधान पर संसदीय समितियों ने क्रमशः 31 दिसंबर, 2022 और 9 जनवरी, 2023 तक केंद्रीय गृह मंत्रालय को विस्तार दिया था। इसके बाद दोबारा से संसदीय समितियों ने विस्तार को मंजूरी दी थी। सीएए को लेकर देश में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं। कई राजनीतिक दलों ने भी इसका विरोध किया था। उस वक्त केंद्र सरकार इसे लागू करने का मन बना चुकी थी, लेकिन कोरोना के चलते सीएए अधर में लटक गया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में 200 से अधिक जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। इन सबके बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह कहते रहे कि सीएए हर सूरत में लागू किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण इस अधिनियम को लागू करने में देरी हुई है। जो लोग सोचते हैं कि ऐसा नहीं होगा, वे गलत साबित होंगे। सीएए, किसी व्यक्ति को खुद नागरिकता नहीं देता है। इसके जरिए पात्र व्यक्ति, आवेदन करने के योग्य बनता है।

यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए थे। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा। इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे।

### सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ाने के लिए अभियान की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो अभियान के तहत नागरिक समाज समूहों ने सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान शुरू करने की घोषणा की है। अभियान, एक महीने तक चलेगा। बता दें, सभी नागरिक समाज संगठन कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से पहले ही एक साथ आ चुके थे। संगठन का कहना है कि वे भारत की समृद्धता, विविधता पर गर्व करने वाले नागरिकों को पुनर्जीवित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसका उद्देश्य बहुल सांस्कृतिक विरासत और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित समाज के लिए काम करना है। महीने भर चलने वाले अभियान की घोषणा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। कॉन्फ्रेंस में भारत जोड़ो अभियान के संयोजक योगेंद्र यादव, विजय महाजन, राष्ट्रीय सचिव कविता कुरुगंती और राष्ट्रीय समूह की सदस्य कामायनी स्वामी शामिल हुए थे। भारत जोड़ो अभियान ने एक संयुक्त बयान जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश संगठित सांप्रदायिकता के उन्माद को देख रहा है। इसका मर्यादा, आस्था और धर्म से कोई लेना-देना नहीं है।

## कार्यकर्ता संदीप पांडे ने लौटाया मैग्सेसे पुरस्कार

### गाजा संघर्ष में अमेरिकी भूमिका की निंदा की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडे ने गाजा में इस्राइली हमलों में अमेरिका की भूमिका के विरोध में प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार लौटाने की घोषणा की है। यह पुरस्कार उन्हें साल 2002 में दिया गया था। सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) से जुड़े पांडे ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों से हासिल अपनी दोहरी मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री भी लौटाने का फैसला किया है। मैग्सेसे पुरस्कार ने अमेरिकी फाउंडेशन के साथ जुड़ाव के कारण पांडे की चिंताओं को बढ़ा दिया। एक बयान में उन्होंने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ चल रहे हमले में इस्राइळ के लिए अमेरिका के समर्थन पर अपनी असहजता व्यक्त की। मैग्सेसे पुरस्कार मुख्य रूप से रॉकफेलर फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित है। उन्होंने कहा, युद्ध में फलस्तीन के 21,500 से अधिक मारे जा चुके हैं और अमेरिका अभी भी इस्राइल को हथियार बेचना जारी रखे हुए है। फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ मौजूदा हमले में इस्राइल का खुलकर समर्थन करने में अमेरिका की भूमिका को देखते हुए मेरे लिए पुरस्कार रखना असहनीय हो गया है। इसलिए मैं पुरस्कार लौटाने का फैसला कर रहा हूं। मैग्सेसे पुरस्कार के अलावा, संदीप पांडे ने सिरैक्यूज विश्वविद्यालय को विनिर्माण और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में अपनी दोहरी एमएससी डिग्री और बर्कले में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय को मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री वापस करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अमेरिका एक ऐसा देश है जो मानवाधिकारों का सबसे अधिक सम्मान करता है और अभिव्यक्ति की सर्वश्रेष्ठ स्वतंत्रता प्रदान करता है। लेकिन, दुख की बात है कि यह केवल देश के भीतर सच है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका फैसला अंतरराष्ट्रीय मामलों में अमेरिका के दोहरे मानदंडों से उपजा है, विशेष रूप से इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष पर उसके रुख से। अमेरिकी सरकार के रुख पर निराशा जताते हुए संदीप पांडे ने कहा, मुझे कड़ा फैसला लेना पड़ रहा है, क्योंकि मुझे लगता है कि अमेरिका दुनिया की लोकप्रिय राय के विपरीत फलस्तीनियों के खिलाफ अपनी आक्रामकता जारी रखने के लिए इस्राइल को प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार है।

## चीनी नागरिकों की कंपनियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी

# मोबाइल एप्स से लोन मामले में तेज हुई कार्रवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोबाइल फोन के जरिए पैसा उधार देने वाली चीनी कंपनियां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रडार पर हैं। ईडी चीनी नागरिकों के स्वामित्व वाली संस्थाओं के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत जांच कर रही है। ताजा घटनाक्रम में दो कंपनियों और उनसे जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ ईडी के अधिकारियों ने नए सिरे से तलाशी ली। रिपोर्ट के मुताबिक जांच अधिकारियों ने मोबाइल एप की जांच के साथ-साथ उधार लेने वाले लोगों के निजी विवरण भी खंगाले। मंगलवार को ईडी ने एक बयान में कहा, पिछले साल 21 दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब और गुजरात में 19 ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। शाइनबे टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसटीआईपीएल), एमपर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एमएसपीएल) समेत कई अन्य संस्थाओं के खिलाफ भी छापेमारी और तलाशी ली गई थी। ईडी ने कहा, फिनटेक कंपनियां, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और चीनी नागरिकों के स्वामित्व




वाले मोबाइल एप कम समय के लिए लोन का ऑफर देकर ग्राहकों को फंसा रहे थे। ऑनलाइन लेन-देन के इन मामलों में लोन लेने वाले लोगों से अत्यधिक ब्याज वसूलने की बात भी सामने आई। भ्रामक और अनैतिक गतिविधियों से ग्राहकों को परेशान किया जा रहा था। उधार लेने वाले लोगों के फोन में सहेजी गई तस्वीरों जैसी निजी जानकारियों तक भी चीनी संस्थाओं का एक्सेस था। फोटो गैलरी और फोन नंबर गैरकानूनी तरीके से हासिल करने के बाद ग्राहकों को धमकी दी जा रही थी। पैसे उधार देने वाले लोग शोषण करने के लिए डेटा लीक करने की धमकी देते थे। तस्वीरें को संपादित कर बदनाम करने और फर्जी कानूनी नोटिस भेजने जैसे गंभीर मामले भी सामने आए। ईडी का आरोप है कि इन कंपनियों ने चीनी व्यक्तियों और कंपनियों की तरफ से भारत में डमी निदेशक और ग्राहक बनाए हैं। गलत तरीकों से इनका कारोबार बढ़ रहा है। चीनी नागरिकों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील, कंपनी सेक्रेटरी और सलाहकार जैसे पेशेवरों की मदद से भारत में फिनटेक कंपनियां खड़ी कीं। एनबीएफसी का जटिल जाल भी बुना गया।

बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कर्नाटक (बेंगलुरु पुलिस) और तेलंगाना (काजीपेट और जनगांव पुलिस) में दर्ज एफआईआर के बाद सुर्खियों में आया। ईडी के मुताबिक इन राज्यों में तलाशी के दौरान 1.30 करोड़ रुपये नकद और %आपत्तिजनक% दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए गए थे। पिछले साल जून में लगभग 6-7 ठिकानों पर तलाशी के बाद 19.43 करोड़ रुपये के बैंक और फिक्स्ड डिपॉजिट जब्त किए गए थे।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# 156 देशों के जल से होगा रामलला का जलाभिषेक

एजेंसी

**लखनऊ।** पिछले साल 23 अप्रैल को हमारी संस्था की ओर से अयोध्या में जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में 13 देशों के राजदूत और 40 देशों के 200 लोगों का समूह अयोध्या पहुंचा था। इस कार्यक्रम में 156 देशों से एकत्रित जल को रामलला की चौखट पर अर्पित किया गया था।



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला का अभिषेक 156 देशों के जल से होगा। खास बात यह है कि इस जल में मुगल शासक बाबर के जन्मस्थान उज्बेकिस्तान का भी जल शामिल है। इसके अलावा चीन, पाकिस्तान, दुबई समेत महाद्वीप अंटार्कटिका के भी जल से रामलला का अभिषेक होगा। यह दावा दिल्ली के पूर्व विधायक डॉ विजय जौली का है। उन्होंने अमर उजाला को बताया कि जल से भरा एक बड़ा कलश विहिप के संरक्षक मंडल सदस्य दिनेश चंद्र को उन्होंने दिसंबर माह में ही सौंप दिया है। दिनेश चंद्र ने वादा किया है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला के अभिषेक के लिए इस जल का उपयोग किया जाएगा। डॉ. विजय जौली के अनुसार दुनिया के 170 देशों में दिल्ली स्टडी ग्रुप के संबंध हैं। वह कई वर्षों तक भाजपा के विदेश विभाग के प्रमुख रहे। दिल्ली स्टडी ग्रुप की भी जल संग्रह अभियान में अहम भूमिका रही। कई देशों की सरकारें हमारे संस्था के सदस्यों को प्रतिनिधि के रूप में बुलाती रहती हैं, इसका फायदा भी हमें मिला। पिछले साल 23 अप्रैल को हमारी संस्था की ओर से अयोध्या में जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में 13 देशों के राजदूत और 40 देशों के 200 लोगों का समूह अयोध्या पहुंचा था। इस कार्यक्रम में 156 देशों से एकत्रित जल को रामलला की चौखट पर अर्पित किया गया था। इस कार्यक्रम से पहले हमने सभी देशों का थोड़ा-थोड़ा जल तांबे के एक बड़े कलश में एकत्र कर सुरक्षित रख लिया था। जिसे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला के अभिषेक की मंशा से विहिप को सौंप दिया गया है।

डॉ. जौली ने बताया कि जल संग्रह में सर्वधर्म के लोगों का सहयोग है। सऊदी अरब से हिंदुओं ने जल भेजा। कजाकिस्तान से मुस्लिम ताज मोहम्मद ने अपने यहां की प्रमुख नदी का जल भेजा। ईरान की एक मुस्लिम महिला ने जल भेजा। कीनिया से सरदारों की मदद से जल संग्रह हुआ। सिंधियों ने खतरा मोल लेकर पाकिस्तान से जल भेजा था।

# जापान में भूकंप से भारी तबाही कांपा पूरा मेट्रो स्टेशन

एजेंसी

**टोक्यो।** नए सल के दिन जापान में लगातार भूकंप के झटकों के कारण 48 लोगों की मौत हो गई। भूकंप के कारण कई घर क्षतिग्रस्त भी हो गए और कहीं-कहीं आग भी लगी। सोमवार को जापान में लगातार एक के बाद एक 155 भूकंप के झटके आए। इन झटकों से हुए नुकसान का आकलन अभी भी किया जा रहा है। इसी के साथ एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों और मेट्रो स्टेशन कीहालत को दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में भूकंप के झटकों से बचने के लिए लोगों को घरों से बाहर भागते हुए देखा गया है। सड़कों में दरार पड़ने के कारण लोग सुरक्षित जगहों पर जाने की कोशिश कर रहे हैं। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि मेट्रो स्टेशन भी कांप उठा।



जापान में 153 झटकों की तीव्रता तीन से अधिक मापी गई है। वहीं दो झटकों की तीव्रता 7.6 और 6 थी। जोरदार भूकंप के कारण पश्चिमी तट के किनारे पर स्थित इमारतें ढह गईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) का कहना है कि होंशू के मुख्य द्वीप इशिकावा प्रान्त में आए भूकंप की तीव्रता 7.5 थी। वहीं, जापानी अधिकारियों का कहना है कि इशिकावा में आए भूकंप की तीव्रता 7.6 थी। 155 भूकंपों के बाद जापान की मौसम एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि उनका प्रशासन जापानी अधिकारियों के संपर्क में है और जापानी लोगों के लिए कोई भी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। ऊंची लहरों के उठने की संभावना को देखते हुए तटीय इलाकों के निवासियों को उनके घरों में लौटने के लिए मना किया गया है। देश भर से हजारों की संख्या में सेना के कर्मियों, दमकल कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को क्षतिग्रस्त इलाकों में भेजा गया है। रनवे में दरार पड़ने के कारण एक हवाईअड्डे को बंद कर दिया गया है।

# कटनी पुलिस ने किया अंधी हत्या का खुलासा

# घटना को अंजाम देकर भाग निकले थे आरोपी

द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय





**मध्य प्रदेश, कटनी।** कटनी के कोतवाली थाना पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा दिनांक 20.12.2023 को खिरहनी ओवर ब्रिज शनि मंदिर के पास सावरकर वार्ड खिरहनी फाटक निवासी रवि रैदास उर्फ लल्लू पिता मेरू चौधरी उम्र 35 वर्ष घायल अवस्था में बेहोषी की हालत में मिला था, जिसे सिर, चेहरे व अन्य जगह चोटें आई थी। आहत को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया एवं अप.क्र. 869/23 धारा 323,324 भादवि का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। आहत जिला चिकित्सालय कटनी से दिनांक 27.12.23 को मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया गया जिसकी मेडिकल कॉलेज जबलपुर में दौरान ईलाज 28.12.2023 को मृत्यु हो गई। प्रकरण में धारा 302 भादवि बढ़ाई गई। कटनी पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त अंधे हत्याकांड को सुलझाने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली कटनी को निर्देषित किया गया कि अलग-अलग टीमें बनाकर मामले के हर बिन्दु पर गंभीरता पूर्वक विवेचना करते हुए मामले की शीघ्र खुलासा करें। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देषन में,अति. पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली कटनी आषीष कुमार शर्मा द्वारा थाना स्तर पर 03 टीमें बनाकर घटनास्थल के आसपास के सी.सी.टी.व्ही कैमरों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और आने जाने वाले व्यक्तियों से गहन पूछताछ की गई, जिससे संदेहियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। जिसमें घटनास्थल के पास रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि दिनांक 20-21.12.2023 की रात में दो लड़के गर्ग चौराहा तरफ से लाल रंग की आटो (ई-रिक्षा) लेकर आए और पैट्रोल पंप के सामने शनि मंदिर के पास जहां बग्घी खड़ी होती है, बग्घी की आड़ में खड़े थे। तभी शनि मंदिर की तरफ से एक लड़का जिसकी उम्र 30-35 साल होगी निकल रहा था जिसे उन लड़कों ने पकड़ लिया और झूमा-झटकी करते हुए जबरदस्ती अपने ई-रिक्षा में बैठाने लगे। तो वह लड़का उन दोनों लड़कों को धक्का देकर शनि मंदिर की तरफ भागा। फिर दोनों लड़के भी उसके पीछे भागे और शनि मंदिर के पास उस लड़के को पकड़ लिया फिर उसके साथ मारपीट किए जिससे वह लड़का वही पर गिर गया। फिर दोनों लड़के आटो लेकर वहां से भाग गए। चक्षुदर्षी द्वारा बताए अनुसार क्षेत्र में लगे सी.सी.टी.व्ही फुटेज एवं कंट्रोल रूम में लगे कैमरों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। जिसमें 02 लड़के घटना के समय घटनास्थल के आसपास लाल रंग के ई-रिक्षा से जाते हुए दिखाई दिए। सी.सी.टी.व्ही फुटेज में दिखे आटो एवं आरोपियों के हुलिए के आधार पर रेल्वे स्टेषन, मुड़वारा स्टेषन, बस स्टेण्ड, सुभाष चौक में पूछताछ किए जाने पर संदेही मोनू बर्मन व एक अन्य लड़के के घटना में शामिल होने के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। जिसकी सरगर्मी से तलाष किए जाने पर बैलट घाट के पास से ई-रिक्षा सहित पकड़ कर पूछताछ की गई। जिसने अपने एक अन्य साथी संजय (परिवर्तित नाम) के साथ दिनांक 20-21.12.2023 की दरमियानी रात को लूटपाट करते हुए मारपीट करना और घटना के बाद भाग जाना स्वीकार किया। आरोपी मोनू बर्मन पिता भीम बर्मन उम्र 24 वर्ष नि. प्रेमनगर थाना एनकेजे जिला कटनी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि घटना मे उसका दोस्त भी शामिल था जो बाहर काम करता है उसे काम के लिए वापस जाना था और किराए भाड़े के लिए पैसे नही थे फिर दोनों ने मिलकर योजना बनाए कि किसी व्यक्ति से पैसे छुड़ा लेते है और योजनाबद्ध तरीके से मारपीट कर 650 रू नगद व 01 मोबाईल छुड़ा लिए। मोबाईल व 550 रू लेकर मेरा दोस्त वापस काम पर चला गया है। घटना में शामिल अन्य आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीमें रवाना की गई है। जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी की जावेगी।कार्यवाही में विषेष भूमिका- पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देषन व अति. पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली आषीष कुमार शर्मा, उनि. अरूणपाल सिंह, रामचंद्र शुक्ला, सउनि. कप्तान सिंह, विजय शंकर गिरी, प्र.आर. अनिल सेंगर, पुष्राज सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, विकास राय, मंसूर हुसैन की अहम भूमिका रही।

## महाविद्यालय में हुआ रोजगार मेले का आयोजन



द अचीवर टाइम्स कुन्दन सिंह

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज ब्लाक क्षेत्र राम भरोसे महाविद्यालय में रोजगार मेले का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर मेले की शुरुआत की। रोजगार मेले में कुल 17 कंपनियां आनी थी लेकिन कुल 4 कंपनियों आई। जिसमे 350 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें से 82 लोगों को चयनित कर 42 बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। रोजगार मेले में वेलस्पन टेक्सटाइल, पृथ्वी फाउंडेशन, रेड टैप, प्लेस कंपनी आई। जिससे बेरोजगारों को निराशा भी हाथ लगी। इस संबंध में जिला प्रबंधक कौशल विकास अधिकारी आलोक तिवारी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास के अंतर्गत 17 कंपनियों को आना था लेकिन ड्राइवरो की स्ट्राइक की वजह सिर्फ चार कंपनियां ही मौके पर आई है। इस मौके पर शुभम तिवारी, मनोज सिंह ,राधे लाल रावत, आशीष सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नज़र

### नये कानून के विरोध पर ड्राइवर महासंघ ने किया सड़कों पर आंदोलन



द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय

**मध्य प्रदेश,कटनी।** ट्रक ड्राइवरों द्वारा किए जा रहे नए कानून के विरोध पर आंदोलन चक्का जाम के संबंध में कानून व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन देर शाम स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र पहुंचकर जबलपुर बॉर्डर चेक कर उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए हाईवे की पेट्रोलिंग के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही बाधित न हो इसके लिए एक टीम बनाकर लगातार पेट्रोलिंग कराई जाने के भी निर्देश दिए जिससे आवागमन सुचारू रूप से चल सके इस मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, सलीमानाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, सहित थाना पुलिस बल उपस्थित रहा।

### सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी ने गौ सेवा कर मनाया जन्मदिन



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** मंगलवार को डा एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने अपने जन्मदिन पर गरीबों को कंबल बांटकर व अचानक गौशाला पहुंचकर गायों को प्यार से पुकारा और गुड़ खिलाया, जहाँ एक और लोग अपने जन्मदिन पर अनावश्यक रूप से हजारों लाखो रूपए अनावश्यक रूप सै बर्बाद कर देते हैं वहीं दूसरी ओर सोसाइटी के चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मो दानिश कुरेशी ने गौ सेवा कर सभी को एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया, दानिश कुरेशी ने कहा कि बचपन से ही उन्हें गायों से लगाव है और उन्हें गाय का दूध व घी बहुत पसंद है उनके मन को शांति मिलती है जब वह गौ सेवा करते हैं। क्योंकि गाय भी हमारी माता के समान है यही नहीं गाय भारत का सबसे भला सीधा पशु है जो मनुष्य को अपने बच्चें की भांति प्यार करता है, इस मौके पर यशस्वी जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी जी, जिला मंत्री युवा मोर्चा तरुण चौहान, विजय वर्मा, सत्येंद्र, शोएब सुफियान,डा दिलशाद अली आदि उपस्थित रहे।

### केंद्र तथा राज्य सरकार गरीब तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है: डॉ.वी0के0सिंह

पिलखुवा विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल डॉक्टर वी0के0सिंह ने किया प्रतिभाग किया



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अवसर पर पिलखुवा में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ वी0 के0 सिंह ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री तथा जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने मां सरस्वती के छवि चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ वी0 के0 सिंह ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार गरीब तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र को आधार बनाकर कार्य कर रही है। उन्होने कहा की समाज के गरीब, वंचित, मजदूर वर्गों के हितों में योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है जिसके तहत स्वास्थ्य की दृष्टिकोण आयुष्मान कार्ड योजना, वित्तीय समावेशन तथा बैंकिंग सशक्तिकरण के लिए जनधन योजना, किसान वर्गों के लिए किसान क्रेडिट योजना तथा गरीबों एवं वंचित के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण का संचालन किया जा रहा है जो समाज के वंचितों को मुख्य धारा में ला रहा है। कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री तथा जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण भी किया इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना आवास लाभार्थी तथा उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन के लाभार्थी को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। माननीय मंत्री जी के साथ सभी उपस्थितजनों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी नरेश तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल उप जिलाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुमित कुमार जाटव ने जनपद हापुड़ व प्रदेश के साथ किया अपने मां-बाप का नाम रोशन



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** गांव गोहरा निवासी सुमित कुमार जाटव पुत्र रतनपाल ठेकेदार ने युथ फेडरेशन खालसा यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित नेशनल स्पोर्ट चैंपियनशिप में देश के सभी राज्यों से उत्तर प्रदेश की टीमों ने भी प्रतिभा किया था। जिसमें सुमित कुमार जाटव का उत्तर प्रदेश की टीम में सिलेक्शन होने पर फाइनल में उत्तर प्रदेश की कबड्डी टीम ने पंजाब को 20,31 से हराकर जीत का परचम लहराया था जिसमें सुमित कुमार ने टीम में डिफेंडर की भूमिका निभाते हुए टैकल प्वाइंट अर्जित किये और टीम को जिताने में विशेष भूमिका निभाई थी उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ के गांव गोहरा से सुमित कुमार जाटव पुत्र रतनपाल ठेकेदार ने अपने मां-बाप का ही नाम रोशन नहीं किया बल्कि जनपद हापुड़ व उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। सुमित ने अपनी प्रैक्टिस डी स्पोर्ट एकेडमी अटोला में की है तो वही उनके कोच चौधरी ऋषभ ने बताया कि सुमित बहुत प्रतिभाशाली है अगर यही मेहनत लगातार करता रहा तो यह बहुत आगे जाएगा सुमित अपने पैतृक गांव पहुंचा तो गांव ग्राम वासियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर सागर ने फूलमाला पहनकर सुमित का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गांव के सभी युवा व बुजुर्ग लोगों ने सुमित को बधाई दी

## ड्रायवर महासंघ व्दारा घोषित हड़ताल का आम जन जीवन पर प्रभाव नही पड़े , जिला प्रशासन सतर्क

- जिले में सुचारु रुप से जारी रहेगी पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति।
- डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस के सुरक्षित परिवहन हेतु सुरक्षा देने लिखा एसपी को पत्र

द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय





**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति है कटनी प्रशासन ने प्रकाशन के माध्यम से संदेशित किया है कि सभी कटनी वासियों से अनुरोध है कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं अनावश्यक रूप से परेशान न हो। जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति है एवं यह सुचारू रूप से जारी रहेगी। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि मंगलवार 2 जनवरी 2023 को जिले में टैंकर से 74 के एल डीजल एवं 44 के एल पेट्रोल भिटौनी डिपो से लोड होकर पेट्रोल पंप में खाली हुआ है।

**सुरक्षित परिवहन हेतु सुरक्षा देने लिखा एसपी को पत्र**

कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा पुलिस अधीक्षक कटनी को ड्राइवरों की हड़ताल के फलस्वरूप टैंकरों के परिवहन में हड़ताली ड्राइवरों द्वारा गतिरोध किये जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया है। अपर कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र में लेख किया गया है कि जिले के एल.पी.जी. गैस एवं डीजल- पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा भिटौनी शहपुरा डिपो से डीजल एवं पेट्रोल तथा मनेरी डिपो से एल.पी.जी. गैस का परिवहन टैंकरों के माध्यम से किया जा रहा है। किन्तु ड्राइवरों की हड़ताल के फलस्वरूप टैंकरों के परिवहन में हड़ताली ड्राइवरों द्वारा गतिरोध किये जाने की संभावना है। सुरक्षित परिवहन हेतु सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध होने से परिवहन में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी तथा जिले में पर्याप्त एल.पी.जी. गैस, डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## परिवारि मा अब कोई बात केर टेंशन नाही है

**देवा (बाराबंकी)।** पांच सरकारी योजनाओं का लाभ पाने वाली देवा ब्लॉक के ग्राम धरसंडा की सरिता देवी मुख्यमंत्री से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीधा संवाद स्थापित करने के बाद गदगद नजर आई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से बात करके बहुत अच्छा लगा है। सरिता ने कहा कि पहले वह कच्चे मकान में झोपड़ी डालकर रहती थीं। बारिश में उनके घर का सामान व बच्चे रातभर भीगते रहते थे और बिच्छू-सांपों का खतरा बना रहता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कृपा से उन्हें मकान, शौचालय, राशनकार्ड, गैस सिलिंडर, उनकी दोनों बच्चियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिल रहा है। इसके लिए वह शुक्रगुजार हैं। उनका कहना है कि परिवारि मा अब कोई बात केर टेंशन नाही है, मोदी जी और योगी जी बहुत कुछ हमका दई दिहीन हैं। अब हम अपने घर पारिवारि का बहुत अच्छे से चलाय रहे हन। सरिता देवी ने अमर उजाला के साथ मुख्यमंत्री से हुए संवाद की बातें साझा कीं।

## हिट एंड रन कानून का ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने किया विरोध- पं.गोपाल शर्मा

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार




**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने पार्टी प्रदेश कार्यालय से जारी अपने बयान में कहा कि हिट एंड रन कानून देशभर के सभी ड्राइवरों के खिलाफ है, सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून के खिलाफ देशभर में उतरे ट्रक, बस ड्राइवर, आज सड़कों पर बस, ट्रक, रोककर धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जारी कर रहे हैं, जगह-जगह आवा-जाही रोक कर चक्का जाम कर रहे हैं, हिट एंड रन कानून ड्राइवरों के खिलाफ है, इस काले कानून को केंद्र सरकार को तत्काल वापस ले लेना चाहिए, क्योंकि आज देशभर में जनमानस के सामने ऐसा संकट आ खड़ा हो गया है, जिससे निपटना आसान नहीं है, रोजमर्रा की ज़रुरी सेवाएं जैसे देश में खाद्य पूर्ति, गैस सिलेंडर, दवाइयां, जैसी अन्य आवश्यक सेवाएं सब रुक गई हैं, जिससे जनता में असमंजस के साथ साथ आक्रोश की भावना घर कर रही है, और केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी बैठी हुई है, ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी बस, ट्रक ड्राइवर के साथ पूर्ण रूप से समर्थन की घोषणा करती है, और इस हिट एंड रन कानून का पुरजोर विरोध करती है, श्री संबंध में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा ने भी अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, लोकहित को देखते हुए सरकार को यह कानून तुरंत वापस ले लेना चाहिए, पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी भारत के करोड़ों लोगों के हक़ और अधिकार की लड़ाई हमेशा से लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी।

## एक शाम देश के कवियों के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

- विश्व गुरु विश्व शक्ति बने देश गोयल नए साल में-कवि अशोक गोयल।

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** पिलखुवा से हमारा प्यारा हिंदुस्तान साहित्य संस्था छत्तीस गढ़ इकाई के तत्वाधन में एक शाम देश के कवियों के नाम ऑनलाइन विराट कवि सम्मेलन जश्न ए नया साल का आयोजन हुआ।।लगभग साढ़े चार घंटे तक बहुत ही भव्य रूप क्यू चला ।संचालन निर्दोष लक्ष्य।अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं कवि अशोक गोयल , डॉ सरोज साव ने की। मुख्य अतिथि शिवनाथ सिंह शिव रायबरेली से , डॉ ओमकारमृदुल,रिंकु दुबे वैष्णवी जी धनबाद रमेश जैन राही रहे। मधु वशिष्ठ जी फरीदाबाद अतिथि वरिष्ट कवि सुभाष कुशवाहा जी रोहतक। विशिष्ट अतिथि बीना गोयल सरस्वती वंदना चंद्र साहू जी स्वागत गीत दिलीप शर्मा देवास अपने चिर परिचित अंदाज से सुनाया । आमंत्रित कवि अविनाश खरे, मंच की उपाध्यक्ष मीनू राजेश शर्मा , आयुष साह,संध्या जैन जी भिलाई, मीना सुरेश जैन , सोनिया सोनी आशा झा ,मिताली वर्मा भिलाई, शिखा तेजस्वी ध्वनि दिल्ली ,मो हुसैन भिलाई, , मीता लुनिवाल, कवि वीरेंद्र हाथरसी, कवि त्रिलोक चंद फतेहपुरी, डॉ अखिलेश गुप्ता बरैली रजनी शर्मा जी डेहरी, आशा राय ,शिप्रा वर्मा सासाराम अभिषेक अभी,निहारिका साह, मोहिनी राठौड़ दिल्ली अनीता शरद झा, ईश्वर चंद्र जायसवाल एकता गुप्ता, संस्कार तिवारी,रुचि ग्रोवर,मास्टर आयुष साह लगभग 52कवियों द्वारा मंच पर नव वर्ष के स्वागत में एक एक प्रस्तुति दी । । अंत में धन्यवाद ज्ञापन मंच के संस्थापक निर्दोष जैन लक्ष्य द्वारा अपनी कुछपंक्तियों द्वारा , जश्न नए साल का धूमधाम से मनाइए आज मेरे गीतों में आप झूम जाइए भेद भाव हटाइए सबको गले लगाइए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष कवि अशोक ने सभी रचनाकारों का धन्यवाद अदा किया।

## हिट एण्ड रन नवीन कानूनी प्रावधान के संबंध में हड़ताल को समाप्त करने के लिये बैठक हुई

द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय



**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में हिट एण्ड रन के संबंध में नवीन कानूनी प्रावधान के विरोध में की जा रही हड़ताल को समाप्त करने के लिये ट्रक एवं स्कूल बस यूनियन ऑपरेटर्स के साथ भोपाल में अपर मुख्य सचिव गृह, सचिव परिवहन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हुई। अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि बैठक में प्रस्तावित नवीन कानूनों के संबंध में यूनियन के प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि धारा 106 (2) भारतीय न्याय संहिता में जुर्माने की राशि को विशिष्ठ रूप से वर्णित नहीं किया गया है, 7 लाख या 10 लाख संबंधी जुर्माने की राशि के प्रावधान का प्रचार भ्रामक होकर असत्य है। उन्होंने बताया कि यदि वाहन चालक एक्सिडेंट में हुई मृत्यु के विषय में समय पर पुलिस को सूचना दे देता है तो उस स्थिति में नये कानून में भी जमानती धारा का प्रावधान है।

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजौरा ने बताया कि प्रस्तावित भारतीय न्याय संहित की धारा 106(2) में केवल उसी स्थिति में 10 वर्ष की अधिकतम सजा का वर्णन है तथा कोई न्यूनतम सजा परिभाषित नहीं की गई है, जबकि कोई मोटरयान चालक किसी सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद बिना पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना दिया मौके से फरार हो जाता है। यदि किसी व्यक्ति से दुर्घटना हो जाती और वह इस संबंध में पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना दे देता है तब धारा 106(2) के भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान उस पर लागू नहीं होते है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि कानून में उल्लेखित दण्ड माननीय न्यायालय द्वारा पूरी विधिक प्रक्रिया के पालन के पश्चात निर्धारित किया जाता है।

अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजौरा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न ट्रक, स्कूल एवं बस ऑपरेटर यूनियन के प्रतिनिधियों को प्रावधानों से अवगत कराकर स्थितियाँ स्पष्ट करते हुए सेवाएँ यथावत जारी रखने के लिये सहयोग करने और हड़ताल समाप्त करने का आहवान किया गया।

मुख्य बिंदु हिट एवं रन के संबंध में नवीन कानूनी प्रावधान के विरोध में की जा रही हडताल के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. के दिनांक 02.01.2024 को प्रदत्त आदेश के अनुक्रम में, अपर मुख्य सचिव गृह, सचिव परिवहन, अपर परिवहन आयुक्त के साथ विभिन्न ट्रक, स्कूल, बस ऑपरेटर यूनियन आदि की हडताल समाप्त किये जाने हेतु बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रस्तावित नवीन कानून के संबंध में संबंधित यूनियनों को आवश्यक जानकारी दी गई। प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के भाग 2 में केवल उसी स्थिति में 10 वर्ष की अधिकतम सजा के प्रावधान का वर्णन है तथा कोई न्यूनतम सजा परिभाषित नहीं की गई है। जबकि कोई मोटरयान चालक किसी सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु कारित हो जाने के बाद बिना पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना दिये मौके से भाग जाता है। यदि किसी व्यक्ति से एक्सीडेंट हो जाता है और वह इस संबंध में पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना दे देता है तब धारा 106 (2) भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान उस पर लागू नहीं होते। यह भी स्पष्ट किया गया कि कानून में उल्लेखित दण्ड माननीय न्यायालय द्वारा पूरी विधिक प्रकिया के पालन के पश्चात निर्धारित किया जाता है। धारा 106 (2) भारतीय न्याय संहिता में जुर्माने की राशि को विशिष्ट रूप से वर्णित नहीं किया गया है। 7 लाख या 10 लाख संबंधी जुर्माने की राशि के प्रावधान का प्रचार भ्रामक होकर असत्य है। यदि वाहन चालक एक्सीडेंट में हुई मृत्यु के विषय में समय पर पुलिस को सूचना दे देता है तो उस स्थिति में नये कानून में भी जमानती धारा का प्रावधान है। विभिन्न ट्रक, स्कूल, बस ऑपरेटर यूनियन के प्रतिनिधिगणो को उक्त स्थितियां स्पष्ट करते हुए सेवाएं यथावत जारी रखने हेतु सहयोग करने तथा हडताल समाप्त करने का आव्हान किया गया।

## बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बाराबंकी।** कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही कई लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। सांसद उपेंद्र सिंह रावत, डीएम सत्येंद्र कुमार समेत अन्य लोगों ने प्रशस्ति पत्र व स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया। उधर, मुख्यमंत्री के संवाद को लेकर जिले से लेकर ब्लॉक तक के अधिकारी हलाकान रहे। कार्यक्रम तय होने के बाद लाभार्थी का चयन कर मुख्यमंत्री के सामने क्या बोलना है, इसको लेकर जुमले रटाने में व्यस्त रहे। सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक लाभार्थी को फिर से पाठ पढ़ाया गया। वहीं संवाद के दौरान किसी मीडिया कर्मी को आसपास नहीं आने दिया गया।

# सीएम योगी ने कहा- अयोध्या की सुरक्षा से समझौता नहीं
# अविस्मरणीय होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रीराममंदिर राष्ट्रमन्दिर के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। यह उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का सुअवसर भी है। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों तथा उसके बाद पर्यटकों/श्रद्धालुओं के आगमन को सुखद, संतोषप्रद अनुभव के लिए राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। जमसहयोग से अयोध्या नगरी सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का मानक होगी। मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि अवधपुरी में भव्य-दिव्य श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण में श्रीरामलला के विराजमान होने की बहुप्रतीक्षित साध पूरी होने में अब कुछ ही दिवस शेष हैं। यह श्रीराममंदिर राष्ट्रमन्दिर के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा। प्राण प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। यह सब अभूतपूर्व है। भावुक करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम उस प्रदेश में निवासरत हैं, जहां प्रभु श्रीराम ने अवतार लिया। पूरी दुनिया आज अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग के लिए सुअवसर मिला है। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु/पर्यटक अवधपुरी आएंगे। उत्तर प्रदेश आगमन पर उन्हें अलौकिक अनुभूति हो, इसके लिए उत्कृष्ट आतिथ्य की सभी व्यवस्थाएं की जाएं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पूरे देश से गणमान्य जनों का आगमन हो रहा है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर पूरी अवधपुरी की भव्य साज-सज्जा की जानी चाहिए। श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए यातायात प्रबंधन, प्रोटोकॉल के अनुरूप अतिथियों के स्वागत-सत्कार हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सभी को इस पर काम करना होगा। जनसहयोग लें। अतिरिक्त मैनपॉवर तैनात करें। मुख्य मार्ग हो या कि गलियां धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। राज्य सरकार द्वारा अवधपुरी में संचालित किए जाने वाले भोजनालय/भंडारा को माता शबरी के नाम पर स्थापित किया जाए।

# यूपी में नहीं होगी पेट्रोल-डीजल की किल्लत
# अफवाहों पर ध्यान ना दें, डीएम पहुंचे पेट्रोल पंप



संवाददाता

**लखनऊ।** इंडियान ऑयल कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख व तेल तेल उद्योग के राज्य स्तरीय समन्वयक राजेश सिंह ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश में प्रमुख शहरों में स्थित पेट्रोल पंपों एवं एलपीजी एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं।

हड़ताल का सीधा असर अब आदमी पर पड़ रहा है। मंगलवार की शाम से अचानक पेट्रोल पंपों पर भीड़ लग गई। गाड़ियों की टंकी फुल कराने की होड़ मच गई। देखते ही देखते कई पेट्रोल पंपों का पेट्रोल खत्म हो गया। ऐसा इस अफवाह से हुआ कि हड़ताल लंबी चलने वाली है और लोगों को पेट्रोल मिलना बंद हो जाएग। इस हालात पर इंडियान ऑयल कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख व तेल उद्योग के राज्य स्तरीय समन्वयक राजेश सिंह ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश में प्रमुख शहरों में स्थित पेट्रोल पंपों एवं एलपीजी एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं। कहीं भी ड्राई आउट जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। साथ ही लोगों से अपील भी की है कि किसी भी प्रकार की गलत सूचना पर ध्यान न दें। जरूरत के हिसाब से ही पेट्रोलियम उत्पाद खरीदें। अनावश्यक परेशान हों। सभी तेल मार्केटिंग कंपनियों ने डीलर एवं वितरकों द्वारा संचालित ट्रकों में सप्लाई देना शुरू कर दिया है। जिससे की पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की पूर्ण उपलब्धता पेट्रोल पंपों एवं एलपीजी एजेंसियों पर बनी रहेगी अगर आवश्यकता हुई तो सारे डिपो एवं एलपीजी बॉटलिंग प्लांट्स की संचालन की अवधि भी बढ़ाई जाएगी। लखनऊ के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है या नहीं इसकी जांच करने के लिए जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार देर रात शहर के कई पेट्रोल पंपों पर पहुंचे। वहां उन्होंने पेट्रोल पंप मालिकों से बात की।

### लखनऊ में डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं : डीएम

**लखनऊ।** कुछ संगठन आईपीसी के कुछ प्राविधानों को लेकर गलतफहमी फैलाकर परिवहन को प्रभावित कर रहे हैं। यह गलत है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत डीजल और पेट्रोल की सप्लाई सुनिश्चित करना सभी पक्षकारों की जिम्मेदारी है। लखनऊ के अधिकांश पेट्रोल पंप मालिकों और टैंकर संचालकों के पास अपने टैंकर हैं। अगर सप्लाई बाधित होती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ में डीजल पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। भ्रम फैलाया जा रहा है कि पेट्रोल व डीजल की कमी है, लेकिन ऐसा नहीं है। यहां पर डिपो है, जहां से तेल लाने की जिम्मेदारी पंप मालिकों की है। वह इसे सुनिश्चित करें। अगर किसी बहाने से लापरवाही पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। जनता को असुविधा न होने दें। पंपों पर डीजल व पेट्रोल की कमी नहीं होनी चाहिए।

## एक नज़र

### भाजपा के वरिष्ठ वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्व संगठन मंत्री हृदय नाथ सिंह का निधन



**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता हृदय नाथ सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या और सुरेश खन्ना समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्व संगठन मंत्री हृदय नाथ सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए बीजेपी कार्यालय में रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या और सुरेश खन्ना समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयानाथ सिंह के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जताया शोक जताया है।

### स्वामी प्रसाद मौर्या के जन्मदिन पर केजीएमयू में रक्तदान शिविर पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव



**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्या के जन्मदिन पर केजीएमयू शताब्दी अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ अचानक किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्विद्यालय पहुंचे। दोनों नेता कुशवाहा समाज के रक्तदान शिविर में भाग लेने आए थे। कुशवाहा समाज की ओर से हर साल नए साल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के बाद गांधी वार्ड के सामने कंबल वितरण भी किया। दोनों नेताओं ने इस मौके पर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

केजीएमयू का ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन शताब्दी फेज 2 के भवन में है। भवन पहुंचकर उन्होंने विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो तूलिका चंद्रा ने अखिलेश यादव का स्वागत किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पहली बार वे यहां पर आए हैं। इस पर विभागाध्यक्ष ने बताया कि आपने ही इस भवन का उद्घाटन किया था।

### कॉरिडोर के लिए जमीन देने से इन्कार

**लखनऊ।** गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे ऊंचाहार तहसील में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित होने से पहले ही विवाद खड़ा हो गया है। जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए किसानों ने मंगलवार को ऊंचाहार तहसील पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। किसानों ने किसी भी हाल में जमीन न देने की चेतावनी दी। एसडीएम को ज्ञापन देकर इटौरा बुजुर्ग गांव के किसानों ने कॉरिडोर के लिए दूसरी जमीन चिह्नित करने की मांग की। किसानों ने आत्मदाह करने की भी चेतावनी दी है। सरकार ने गंगा एक्सप्रेस-वे के आसपास औद्योगिक कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए जिला प्रशासन ने लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे इटौरा बुजुर्ग ग्राम पंचायत की करीब 384 बीघे जमीन अधिग्रहित करने के लिए विज्ञापन जारी किया है। विज्ञापन छपते के जानकारी मिलते ही किसानों का गुस्सा भड़क गया है। मंगलवार को करीब 100 किसान तहसील पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाएं भी मौजूद रहीं। शोर सुनकर एसडीएम दफ्तर से बाहर निकले और समस्या पूछी। किसान सोनू मौर्य, शिवपति, जगरानी, रामलखन, सुंदरलाल, ओंकारनाथ, शारदा, दिलीप कुमार, सुखलाल, जगदीश ने एसडीएम को बताया कि हम लोगों की जीविका खेती है। उन्होंने कहा कि जमीन पर सब्जी व अनाज पैदा कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जमीन अधिग्रहण होने के बाद हम लोग भूखों मर जाएंगे। किसानों ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन ने मनमाने तरीके से जमीन चिह्नित की है। जमीन अधिग्रहित नहीं होने दी जाएगी। जरूरत पड़ी तो किसान आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे।

किसान रामलखन, सुंदरलाल, ओंकारनाथ, शारदा आदि ने जिला प्रशासन को कॉरिडोर के लिए जमीन चिह्नित करने के फैसले पर सवाल खड़ा कर दिया है। आरोप लगाया कि गंगा एक्सप्रेसवे से महज 500 मीटर दूर अप्टा गांव के पास ऊसर जमीन उपलब्ध होने के बाद भी करीब दो किमी दूर कॉरिडोर बनाकर किसानों की जमीन ली जा रही है, जो नाइंसाफी है। ऐसा होने से सरकार को जमीन लेने में कम रुपये खर्च करने पड़ते, लेकिन जिला प्रशासन ने अप्टा गांव के पास ऊसर को चिह्नित न करके किसानों के रोजगार व खेती योग्य जमीन को अधिग्रहित करने का प्रस्ताव बना दिया। किसानों ने मुख्यमंत्री से मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इटौरा बुजुर्ग गांव के पास औद्योगिक कॉरिडोर बनाने के लिए जमीन अधिग्रहीत की जानी है। मंगलवार को किसानों ने ज्ञापन सौंपा है। उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराकर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

**- सिद्धार्थ चौधरी, एसडीएम ऊंचाहार**

# कोहरे से ज्यादा गलन कर रही है प्रभावित, नीचे खिसका न्यूनतम तापमान, बारिश का है पूर्वानुमान

संवाददाता



**लखनऊ।** बाराबंकी, हरदोई, कानपुर नगर, गोरखपुर, वाराणसी, बलिया, चुर्क, प्रयागराज, फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुर्सतगंज, गाजीपुर, फतेहगढ़, उरई, शाहजहांपुर, नजीबाबाद, मेरठ और अलीगढ़ में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। यूपी का मौसम सर्द होता जा रहा है। मंगलवार को कोहरे का असर तो कम रहा लेकिन गलन बढ़ गई। दृश्यता बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रही। न्यूनतम तापमान कम होने से गलन का असर ज्यादा रहा। फिलहाल मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। अगले दो-तीन दिन के भीतर विंध्य व बुंदेलखंड में बूंदाबांदी के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, दिन बीतने के साथ कहीं-कहीं मौसम खुलेगा तो अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी संभव है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र पर कोहरे का घनत्व वाराणसी और प्रयागराज में सर्वाधिक रहा, यहां दृश्यता शून्य रही। लखनऊ में 500 मीटर तक बढ़ गई थी दृश्यता, इसलिए यहां कुछ राहत रही। फुर्सतगंज में 50, झांसी में 80 मीटर, हमीरपुर व नजीबाबाद में 100 मीटर और बांदा में 150 मीटर दृश्यता रही। अन्य इलाको में 200 या इससे अधिक रही। इस बीच बाराबंकी, हरदोई, कानपुर नगर, गोरखपुर, वाराणसी, बलिया, चुर्क, प्रयागराज, फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुर्सतगंज, गाजीपुर, फतेहगढ़, उरई, शाहजहांपुर, नजीबाबाद, मेरठ और अलीगढ़ में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान बस्ती व चुर्क को छोड़ दें तो 20 से नीचे बना रहा।

**बीते दस वर्षों में इस दिसंबर में पड़ी सबसे कम सर्दी**

घने कोहरे, ठिठुराती हवा के बावजूद 2023 की दिसंबर में सर्दी के तेवर बीते दस सालों में सबसे ढीले रहे। जनवरी में भी शीतलहर की गुजाइंश बहुत कम नजर आ रही है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक के मुताबिक वर्ष 2014 से 2023 तक को देखें तो बीते साल न्यूनतम तापमान ज्यादा और अधिकतम तापमान सामान्य रहा। 2021 से 2023 तक एक भी दिन शीतलहर नहीं चली। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, जनवरी में हवा की तीव्रता भी कम रहेगी। वर्ष 2023 में औसत न्यूनतम 11.5 डिग्री रहा। वर्ष 2022 में यह 10.5, 2021 में 10.9, 2020 में 9.6, 2019 में 7.3 डिग्री रहा। इसी तरह 2018 में यह औसत 7.3, 2017 में 10, 2016 में 8.6, 2018 में 8.8, 2014 में 6.4 डिग्री था।

**अभी मौसम में कोई बदलाव नहीं**

राजधानी में सोमवार को हल्का कोहरा छाया रहा। दिनभर हवा चलती रही, धूप निकली, लेकिन उसकी तेजी बेअसर रही। दिन का पारा बीते 24 घंटे के 19.5 डिग्री की अपेक्षा 18.5 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 10.2 के मुकाबले नौ डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अभी मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं है।

## एडीजी रैंक के सात अधिकारियों का तबादला



❖ कानपुर के कमिश्नर स्वर्णकार हटे, अखिल कुमार को कमान।

संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने एडीजी रैंक के सात अधिकारियों का तबादला कर दिया है। डीके ठाकुर को एडीजी जोन मेरठ की जिम्मेदारी और सुजीत पांडेय को पीएसी का मुखिया बनाया गया है। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात सात वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। करीब चार माह पूर्व कानपुर का कमिश्नर बनने के बाद लगातार विवादों में रहने वाले आरके स्वर्णकार को हटा दिया गया है। उनको सीतापुर में ऑर्म्ड पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज भेजा गया है। वहीं, गोरखपुर के एडीजी जोन अखिल कुमार को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। इसी तरह उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में तैनात डीके ठाकुर को मेरठ जोन का एडीजी बनाया गया है। मेरठ के एडीजी जोन राजीव सभरवाल को मुरादाबाद में डॉ. बीआर अंबेडकर पुलिस अकादमी भेजा गया है। ऑर्म्ड पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात सुजीत पांडेय को एडीजी पीएसी बनाया गया है। एडीजी पीएसी केएस प्रताप कुमार को गोरखपुर जोन का एडीजी बनाया गया है। यूपी 112 में संवाद अधिकारियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद हटाकर प्रतीक्षारत किए गये एडीजी अशोक कुमार सिंह को उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड भेजा गया है।

# अयोध्या एयरपोर्ट को मिला इंटरनेशनल कोड, 6 जनवरी से उड़ान भरेंगे विमान

संवाददाता



**लखनऊ।** उड़ान के लिए एयरपोर्ट का कोड उसकी विशिष्ट पहचान है। किसी भी एयरपोर्ट से उड़ान के लिए यह अनिवार्य होता है। इसे एक प्रकार से लाइसेंस भी कहते हैं। उड़ान के क्षेत्र में अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय पहचान भी मिल गई। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम के लिए कोड जारी कर दिया। यहां से उड़ान छह जनवरी से शुरू होने वाली हैं। दो विमानन कंपनियों ने उड़ान का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। उड़ान के लिए एयरपोर्ट का कोड उसकी विशिष्ट पहचान है। किसी भी एयरपोर्ट से उड़ान के लिए यह अनिवार्य होता है। इसे एक प्रकार से लाइसेंस भी कहते हैं। इसे 150 देशों में एयरलाइंस समूह की संस्था इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन जारी करती है। इसका मुख्यालय कनाडा में स्थित है। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ का काम सुरक्षित, निश्चित, विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह उड़ान संबंधी समस्याओं का समाधान करता है। इसके साथ ही उड़ान, किराये और अन्य व्यवस्थाओं पर भी इसकी नजर रहती है। आईएटीए ने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम के लिए एवाईजे कोड जारी किया है। इस कोड के जारी होने के साथ ही एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) से जुड़ जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र का एक अभिकरण है। इसका काम अंतरराष्ट्रीय उड़ान के सिद्धांत और तकनीकों को नियत करना है। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस की देश के पांच शहरों से उड़ान शुरू होने वाली है। दोनों विमानन कंपनियों ने उड़ान का शेडयूल भी जारी कर दिया है।

अयोध्या। वंदे भारत ट्रेन का चार जनवरी से संचालन शुरू होगा। यह ट्रेन दोपहर 3:20 बजे अयोध्या कैंट से रवाना होगी। शाम 5:15 बजे लखनऊ, 6:35 पर कानपुर सेंट्रल व रात 11:40 बजे आनंद बिहार पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन आनंद बिहार से सुबह 6:10 बजे चलेगी, जो 11 बजे कानपुर सेंट्रल, 12:25 बजे लखनऊ व 2:30 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा अत्याधुनिक उपकरणों से की जा रही है। विशेष प्रशिक्षण प्राप्त यूपीएसएसएफ दस्ते को अयोध्या में तैनात किया गया है। सोमवार को स्थानीय स्तर अफसरों ने चेकिंग प्वाइंट पर सुरक्षा का जायजा लिया।हवाई अड्डा की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल छठवीं वाहिनी को सौंपी गई है। यहां तीन इंस्पेक्टर, 55 उप निरीक्षक, 22 मुख्य आरक्षी और 194 आरक्षी लगाए गए हैं। कुल संख्या 294 है।

## चलती ट्रेन में किशोरी से हुआ था दुष्कर्म
### बच्ची के मां बनने पर खुला राज, अब दर्ज हुआ केस




संवाददाता

**लखनऊ।** पेट में दर्द होने पर परिवार के लोग पहले घरेलू इलाज करते रहे। 10 जून 2023 को भारीपन लगने पर भाई, बहन और चाचा उसे एनआईटी तीन स्थित ईएसआई अस्पताल ले गए

अमेठी से माता-पिता के साथ फरीदाबाद जा रही 13 साल की किशोरी के साथ चलती ट्रेन में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना साल 2022 की है। परिवार के लोग केस दर्ज कराने के लिए रेलवे पुलिस और कोतवाली थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। बच्ची के पेट में दर्द होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। रिपर अनुसार, गोमती एक्सप्रेस में भीड़ ज्यादा होने के कारण मां ने उसे ऊपर वाली सीट पर बिठा दिया। सीट पर एक युवक पहले से लेटा था। रात में युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और रास्ते में उतर गया। बच्ची का कहना है कि वह घटना के दौरान डर गई। इस कारण किसी को कुछ बताया। पेट में दर्द होने पर परिवार के लोग पहले घरेलू इलाज करते रहे। 10 जून 2023 को भारीपन लगने पर भाई, बहन और चाचा उसे एनआईटी तीन स्थित ईएसआई अस्पताल ले गए। इसी दौरान बच्ची ने अस्पताल के शौचालय में ही बच्चे को जन्म दे दिया।

# ठंड से कांपा यूपी, अभी चलेगी शीतलहर
# कई इलाकों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी

संवाददाता

**लखनऊ।** मंगलवार को आगरा, इटावा, झांसी, बरेली, शाहजहांपुर, बस्ती, हरदोई, कानपुर में कोल्ड डे कंडीशन रहीं। जबकि बनारस, प्रयागराज में अत्यधिक घना कोहरा रहा, यहां दृश्यता शून्य रही। प्रदेश में गलन और कोहरा बरकरार है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में दिखने लगा है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक झांसी में मंगलवार को बूंदाबांदी हुई। अगले दो-तीन दिन तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश-बूंदाबांदी के आसार हैं। इन सबके बीच मंगलवार को आगरा, इटावा, झांसी, बरेली, शाहजहांपुर, बस्ती, हरदोई, कानपुर में कोल्ड डे कंडीशन रहीं। जबकि बनारस, प्रयागराज में अत्यधिक घना कोहरा रहा, यहां दृश्यता शून्य रही। फतेहगढ़ में 10 मीटर तक, बरेली में 20 मीटर, शाहजहांपुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, फुर्सतगंज में दृश्यता 50 मीटर के आसपास तक रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, झांसी व आसपास के इलाकों में कोल्ड डे कंडीशन रहीं।



### इन जिलों में कोहरे का अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र ने वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर में घना कोहरा होने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

# केरल से लखनऊ लौटा युवक निकला कोरोना पॉजिटिव

संवाददाता



**लखनऊ।** केरल से लौटा युवक कोरोना पॉजिटिव मिला है। इससे विभाग में खलबली मची है। नए वैरिएंट को लेकर विभाग सर्तक है। अफसरों ने पॉजिटिव आए मरीज के परिवारीजन व उसके संपर्क में आए लोगों के नमूने लिए हैं। वहीं पॉजिटिव आए युवक का नमूना जीनोम के लिए भेजा गया है। निगोहा के रहने वाला युवक बीते साल दिसंबर माह केरल के त्रिवेंद्रम दर्शन करने गए थे। बीती 29 दिसंबर को वह वापस लौटा था। सर्दी-जुखाम व बुखार की शिकायत हुई। नजदीकी डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने कोरोना जांच की सलाह दी। युवक ने पीजीआई में कोरोना की जांच कराई। जांच में वह पॉजिटिव आया है। मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई। अफसरों ने टीम भेजकर दूसरे परिजनों का नमूना लेकर जांच को भेजा है। सीएमओ डॉ. मनोज ने बताया मरीज होम आईसोलेशन में है। डॉक्टरों की टीम उसकी सेहत पर नजर बनाए है। उसे दवा किट मुहैया कराई गई है। बताया नए वैरिएंट को लेकर जीनोम को नमूना भेजा गया है। जिले में एक्टिव केस की संख्या पांच है।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है केरल से लौटे युवक में कोरोना पॉजिटिव आने बाद हाई अलर्ट यूनिट को किया गया है। टीम जरिए मरीज की निगरानी कराई जा रही है। मरीज के संपर्क में आए सभी लोगों की जांच हो रही है। निगोहां प्रवेद्रम कब लौट 29 को वापसी आए थे। इन्हीं की पीजीआई में जांच कराई गई थी।

## दीवार में सेंध लगाकर नकदी व सामान चोरी

**अमेठी।** टीकरमाफी बाजार स्थित कपड़े की दुकान में सोमवार की रात दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने नकदी सहित करीब एक लाख रुपये से अधिक का सामान पार कर दिया। मंगलवार सुबह जानकारी होने के बाद पीड़ित ने तहरीर थाने में दी। पीपरपुर थानाक्षेत्र के पाठक का पुरवा मजरे भावापुर गांव निवासी अमित कुमार पाठक की संग्रामपुर थाने के टीकरमाफी बाजार में गारमेंट की दुकान है। सोमवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए। मंगलवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे और शटर का ताला खोला तो सारा सामान बिखरा पड़ा था, गल्ले का ताला टूटा था। दुकान के पीछे वाली दीवार में सेंध लगी थी। पीड़ित के अनुसार गल्ले में रखे करीब छह हजार रुपए नकद व करीब एक लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए पूछताछ की है।

# भारत ही नहीं सारी दुनिया में चलता है रोमन साम्राज्य का ग्रेगोरियन कैलेंडर

भारत में हिन्दू आबादी लगभग 80 प्रतिशत होने के साथ ही 22 मार्च 1957 को भारत सरकार ने ग्रेगोरियन कैलेंडर के साथ शक संवत् को देश के राष्ट्रीय पंचांग के रूप में मान्यता प्रदान की थी। संविधान सभा द्वारा ग्रगोरियन पंचांग को अपनाए जाने के बावजूद भारत में अपने प्राचीन पंचांग की उपयोगिता समाप्त नहीं हुई थी। हिंदू कैलेंडर प्राचीन परंपराओं, धार्मिक मान्यताओं और खगोलीय टिप्पणियों में गहराई से निहित है। मात्र आधा दर्जन से कम देशों को छोड़ दें तो भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में नववर्ष की शुरुआत एक जनवरी को होती है। यूं कहें कि लगभग सारा विश्वसमाज नई आशाओं और अभिलाषाओं को लेकर नववर्ष के उल्लास में डूबा हुआ है। भारत में हिन्दू आबादी लगभग 80 प्रतिशत होने के साथ ही 22 मार्च 1957 को भारत सरकार ने ग्रेगोरियन कैलेंडर के साथ शक संवत् को देश के राष्ट्रीय पंचांग के रूप में मान्यता प्रदान की थी। फिर भी भारत में अंग्रेजों द्वारा सन् 1752 में भारत में शुरू किया गया कैलेंडर या पंचांग प्रचलन में है तो उसके एक नहीं बल्कि अनेक कारण हैं।

**संविधान सभा ने ग्रेगोरियन कैलेंडर का ही माना था उपयुक्त**

संविधान सभा ने भावी धर्म निरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य की एकता और अखण्डता का बनाए रखने के लिए हिन्दू शक सम्बतसर शुरू करने के बजाय ग्रेगोरियन कलेंडर को मान्यता दी थी। इसका एक कारण यह भी था भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष भर में कई दिन नववर्ष दिवस के रूप में मनाए जाते हैं। पंजाब में नया साल बैसाखी, असम में बोहाग बिहू, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु, ओडिशा में पना संक्रांति या ओडिया नबाबरसा और बंगाल में पोइला बोइशाख के रूप में आता है। चंद्र कैलेंडर का पालन करने वाले लोग चैत्र महीने को वर्ष का पहला महीना मानते हैं। इसलिए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक में उगादी और गुढ़ी पड़वा की तरह इस महीने के पहले दिन नया साल मनाया जाता है। गुजरात में नया साल कार्तिक (एकम) के पहले दिन पर पड़ता है। लद्दाख और सिक्किम में लोसर और अरुणाचल प्रदेश में न्यीशी जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला, न्योकुम युलो नववर्ष का प्रतीक है। नवरोज या नवरेह कश्मीरी पंडित समुदाय में मनाया जाने वाला कश्मीरी नववर्ष है। इसी प्रकार, भारत में कुछ क्षेत्र लगातार संक्रांतियों के बीच की अवधि को एक महीना मानते हैं और कुछ अन्य लगातार पूर्णिमाओं के बीच की अवधि को एक महीना मानते हैं।

**जूलियस सीजर ने शुरू किया था अपना कैलेंडर**

सत्ता में आने के बाद रोमन तानाशाह जूलियस सीजर ने साम्राज्य का पुराना कैलेंडर बदल कर रोमन देवता जानूस के नाम से पहले महीने की शुरुआत की थी। इसमें एक जनवरी को पहला दिन घोषित किया गया। बाद में पोप ग्रेगोरी ने जूलियन कैलेंडर में सुधार कर नया कैलेंडर जारी किया जो कि सारी दुनिया में प्रसिद्ध हुआ। इसे विकसित यूरोपीय इसाई देशों के साथ ही विश्व के बड़े हिस्से पर शासन करने वाले ब्रिटेन ने अपने उपनिवेशों में फैलाया।

**विशिष्टताओं के कारण दुनिया में छाया ग्रेगोरियन कैलेंडर**

दरअसल ग्रेगोरियन कैलेंडर में वर्ष की लंबाई को सही करके पहले इस्तेमाल किए गए जूलियन कैलेंडर में अशुद्धियों को संशोधित किया गया। इसने लीप वर्षों के लिए अधिक सटीक प्रणाली शुरू की, जिससे समय की गणना में त्रुटि की आशंका कम हो गई। ग्रगोरियन कैलेंडर का उद्देश्य कैलेंडर वर्ष को सौर वर्ष के साथ अधिक निकटता से सिंक्रोनाइज करना था। जिससे यह सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा को ट्रैक करने में अधिक सटीक हो सके। इसकी शुरुआत कैथोलिक चर्च के प्राधिकार द्वारा समर्थित थी, जिसका उस समय यूरोप में महत्वपूर्ण प्रभाव था। शुरुआत में कैथोलिक देशों द्वारा और बाद में अन्य देशों द्वारा इसे अपनाने से इसकी व्यापक स्वीकृति में योगदान मिला। जैसे-जैसे यूरोपीय देशों ने अन्वेषण और उपनिवेशीकरण के



माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार किया, ग्रेगोरियन कैलेंडर दुनिया भर में फैलता गया, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, कूटनीति और संचार के लिए मानक कैलेंडर बन गया। माना जाता है कि 16वीं और 17वीं शताब्दी के दौरान यूरोप के वैज्ञानिक और सांस्कृतिक प्रभुत्व ने भी ग्रेगोरियन कैलेंडर की वैश्विक स्वीकृति में योगदान दिया। टाइमकीपिंग में इसकी सटीकता ने वाणिज्य, खगोल विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय मामलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर समन्वय की सुविधा प्रदान की है। अधिकांश देशों ने ग्रेगोरियन कैलेंडर को उसकी सटीकता के कारण एक मानक के रूप में अपनाया, जिससे यह नागरिक उद्देश्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कैलेंडर बन गया। सदियों से इसके व्यापक रूप से अपनाने से निरंतरता और परिचितता की भावना स्थापित हुई है, जिससे लोगों के लिए घटनाओं को समझना और योजना बनाना आसान हो गया है। इन कारणों ने सामूहिक रूप से आज दुनिया के अधिकांश हिस्सों में समय पर नजर रखने के मानक के रूप में ग्रेगोरियन कैलेंडर की विश्वव्यापी लोकप्रियता और स्वीकृति में योगदान दिया है।

**हिंदू कैलेंडर की जड़ें वैदिक परंपराओं-खगोल विज्ञान में**

संविधान सभा द्वारा ग्रगोरियन पंचांग को अपनाए जाने के बावजूद भारत में अपने प्राचीन पंचांग की उपयोगिता समाप्त नहीं हुई थी। हिंदू कैलेंडर प्राचीन परंपराओं, धार्मिक मान्यताओं और खगोलीय टिप्पणियों में गहराई से निहित है। हिंदू कैलेंडर, जिसे ''पंचांग'' भी कहा जाता है, एक प्राचीन समय निर्धारण प्रणाली है जो सदियों से विकसित हुई है। इसकी उत्पत्ति का श्रेय किसी एक व्यक्ति या विशिष्ट प्रारंभिक बिंदु को नहीं दिया जा सकता, क्योंकि इसका विकास प्राचीन भारत में विभिन्न क्षेत्रीय और सांस्कृतिक प्रभावों से हुआ है। माना जाता है कि हिंदू कैलेंडर की जड़ें वैदिक परंपराओं और खगोल विज्ञान में हैं। इसी तरह विक्रम संवत (जिसे विक्रमी संवत या बिक्रम संबत के नाम से भी जाना जाता है) भारत और नेपाल में उपयोग की जाने वाली एक पारंपरिक हिंदू कैलेंडर प्रणाली है। इसकी वर्ष-गणना 57 ईसा पूर्व से शुरू होती है, जो शकों (सीथियन) पर राजा विक्रमादित्य की महान जीत और विक्रम युग की स्थापना का प्रतीक है। जबकि ग्रेगोरियन कैलेंडर एक मानकीकृत प्रणाली है जिसका उपयोग मुख्य रूप से नागरिक उद्देश्यों के लिए विश्व स्तर पर किया जाता है। दोनों कैलेंडर अपनी-अपनी सांस्कृतिक, धार्मिक और व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करते हैं। जिस तरह ग्रगोरियन कैलेंडर रोमन साम्राज्य का अतीत को वर्तमान तक लाता है।

**पंचांग सुधार समिति की सिफारिश**

प्राचीन भरतीय पंचांग के महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने वरिष्ठ भारतीय खगोल वैज्ञानिक मेघनाद साहा की अध्यक्षता में बनी पंचांग सुधार समिति की सिफारिश पर 22 मार्च 1957 को ग्रेगोरियन के साथ ही राष्ट्रीय कैलेंडर भी जारी कर दिया जिसमें अन्य खगोलीय डेटा के साथ-साथ हिंदू धार्मिक कैलेंडर तैयार करने के लिए समय और सूत्र भी शामिल थे, ताकि इसे सुसंगत बनाया जा सके। दरअसल पंचांग कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ भारतीय खगोल वैज्ञानिक मेघनाद साहा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में कैलेंडर सुधार समिति के प्रमुख थे। समिति के अन्य सदस्य ए.सी. बनर्जी, के.के. दफ्तरी, जे.एस. करंदीकर, गोरख प्रसाद, आर.वी. वैद्य और एन.सी. लाहिरी थे। समिति के सामने वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित एक सटीक कैलेंडर तैयार करने का काम था, जिसे पूरे भारत में समान रूप से अपनाया जा सके। यह एक बहुत बड़ा काम था। समिति को देश के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित विभिन्न कैलेंडरों का विस्तृत अध्ययन करना था। समिति के समक्ष तीस अलग-अलग कैलेंडर थे। यह कार्य इस तथ्य से और भी जटिल हो गया था कि कैलेंडर के साथ धर्म और स्थानीय भावनाएं भी जुड़ी हुई थीं। भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1955 में प्रकाशित समिति की रिपोर्ट की प्रस्तावना में लिखा था कि ÷वे (विभिन्न कैलेंडर) देश में पिछले राजनीतिक विभाजनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अब जब हमने स्वतंत्रता प्राप्त कर ली है, तो यह स्पष्ट रूप से वांछनीय है। हमारे नागरिक, सामाजिक और अन्य उद्देश्यों के लिए कैलेंडर में एक निश्चित एकरूपता होनी चाहिए और यह इस समस्या के वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर किया जाना चाहिए। आधिकारिक तौर पर उपयोग में चैत्र 1, 1879 शक संवत, या 22 मार्च, 1957 को शुरू हुआ। हालांकि, सरकारी अधिकारी धार्मिक कैलेंडर के पक्ष में इस कैलेंडर के नए साल के दिन को काफी हद तक नजरअंदाज करते हैं।

**कुछ देशों के अपने कैलेंडर**

विश्व में चीन जैसे कुछ देश हैं जिनका अपना कैलेंडर है। जैसे हिजरी नववर्ष कई इस्लामी देशों में मनाया जाता है, जो इस्लामी चंद्र कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है। तारीख हर साल बदलती रहती है और ये चंद्र चक्र पर आधारित होती है। फारसी नव वर्ष नौरोज ईरान, अफगानिस्तान और कई अन्य देशों में मनाया जाता है। यह आमतौर पर 21 मार्च को होता है और वसंत की शुरुआत का प्रतीक है। यहूदी नव वर्ष रोश हशनाह इजराइल और दुनिया भर में यहूदी समुदायों द्वारा मनाया जाता है। यह आमतौर पर सितंबर या अक्तूबर की शुरुआत में पड़ता है। थाई नव वर्ष सोंगक्रान थाईलैंड और दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। यह आमतौर पर अप्रैल के मध्य में होता है। माओरी मातरिकी नया साल न्यूजीलैंड में मनाया जाता है, आमतौर पर मई के अंत और जून की शुरुआत के बीच। इथियोपिया में नव वर्ष एनकुटाटाश मनाया जाता है।पुलिस एक्ट~ देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए जरूरी है पुलिस सुधार।

# संपादकीय

## सरकार बनाम समाज विनाश और विकास के दावों पर फिर एक भिड़ंत

केरल के विझिंजाम में निर्माणाधीन बंदरगाह को लेकर विरोध जारी है। सरकार का दावा है कि यह बंदरगाह 'भारत का सिंगापुर' साबित होगा, जिससे राज्य में समृद्धि आएगी। पर पर्यावरण विज्ञानियों और अर्थशास्त्रियों का अध्ययन कुछ और ही कहता है। जितने भी भारतीय राज्यों को मैं जानता हूं, उनमें केरल में नागरिक समाज संगठन सबसे अधिक सक्रिय हैं, जो सरकारों और राजनीतिक पार्टियों के हस्तक्षेप से परे स्वतंत्र रूप से फलते-फूलते हैं। ये समूह विज्ञान, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे अनेक क्षेत्रों में काम करते हैं। इन समूहों द्वारा किए जाने वाले कामकाज कई बार विद्वानों और वैज्ञानिकों की भागीदारी से बेहतर हो जाते हैं। अकादमिक विद्वानों और लोगों के विविध समूहों के बीच संवाद केरल में जितना जुड़ाव भरा और रचनात्मक है, उतना देश के किसी और राज्य में नहीं। पिछले तीस वर्षों में मैंने कम से कम दो दर्जन बार केरल का दौरा किया है, और हर बार विभिन्न मुद्दों पर केंद्रित सार्वजनिक आयोजनों में मुझे वहां की सिविल सोसाइटी की शक्ति और गतिशीलता का एहसास हुआ। आखिरी बार मैं वहां पिछले महीने जनकीय समर समिति के आमंत्रण पर गया था। यह राज्य के दक्षिणी हिस्से के मछुआरों के हितों का संगठन है। यह समिति पिछले कई साल से विझिंजाम में निर्माणाधीन एक विशाल बंदरगाह का विरोध कर रही है। राज्य सरकार का दावा है कि यह बंदरगाह 'भारत का सिंगापुर' साबित होगी, जिससे राज्य में समृद्धि आएगी। स्थानीय लोगों को अलबत्ता सरकार के इस दावे पर भरोसा नहीं है, और इसे वे विनाशकारी विकास के तौर पर देखते हैं। इस बंदरगाह परियोजना को विस्तार से समझने के लिए समिति ने विद्वानों के एक समूह का गठन किया, ताकि इसके असर का अध्ययन किया जा सके। पारिस्थितिकीविदों, भू-विज्ञानियों, पर्यावरण विज्ञानियों, समाज विज्ञानियों और अर्थशास्त्रियों के साझा अध्ययन और विमर्श से यह रिपोर्ट अंतर अनुशासनीय शोध का अनुपम उदाहरण बन पड़ी है। इसमें बंदरगाह निर्माण से पूर्व के और बंदरगाह निर्माण के दौरान की तस्वीरें तो दी ही गई हैं, इसमें उस क्षेत्र के सभी पहलुओं का वैज्ञानिक अध्ययन भी किया गया है। अद्यतन फील्ड रिसर्च, इंटरव्यू, सर्वे और जन संवाद के जरिये इस विश्लेषण को और भी समृद्ध किया गया है। इस रिपोर्ट का शीर्षक है~ आवर बीचेस, आवर सी~ हेरिटेज ऑफ फिशिंग कम्युनिटीज, युजुफ्रक्ट ऑफ ऑल सिटिजन्स~ पैक्ट ऑफ द विझिंजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट ऑन द बीचेस, कोस्टल सी, बायोडाइवर्सिटी ऐंड द लिवलीहुड्स ऑफ द फिशिंग कम्युनिटीज इन तिरूवनंतपुरम डिस्ट्रिक्ट। इस देश के कुछ ही विश्वविद्यालय इतने परिश्रमपूर्वक इतनी समृद्ध रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम हैं, सरकारी विभागों से तो खैर इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस रिपोर्ट से जुड़े आंकड़े और विश्लेषण विस्तार से बताते हैं कि विझिंगाम बंदरगाह केरल के लोगों का लाभ की तुलना में नुकसान अधिक करेगा। बंदरगाह के निर्माण का काम शुरू होने से पहले विझिंजाम केरल में मछुआरों का सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण गांव था। इस गांव में मछुआरों के करीब 4,500 परिवार रहते थे और हजारों नावें थीं। मानसून के दौरान यह दूसरे गांवों के मछुआरों के लिए सुरक्षित बंदरगाह था। लेकिन, रिपोर्ट खुलासा करती है कि विझिंजाम अंतरराष्ट्रीय सी-पोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) के प्रमोटरों ने पर्यावरण संबधी मंजूरी पाने के लिए किस तरह जानकारियों में हेरफेर किया और उन्हें गलत ढंग से प्रस्तुत भी किया। कंपनी की पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट ने जैव विविधता पर परियोजना के प्रभाव, मछुआरों की आजीविका के नुकसान, पर्यटन पर पड़ने वाले नकारात्मक असर और परियोजना की वजह से होने वाले समुद्र तट के क्षरण को कम कर के आंका और समुद्र तटों के सौंदर्य के मूल्य की पूरी तरह से उपेक्षा की, बंदरगाह के बनने के बाद जिस पर पूरी तरह से खत्म हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट बेहद सावधानी से यह बताती है कि प्रस्तावित परियोजना में, अदाणी समूह जिसका प्रमोटर है, चार श्रेणियों में गंभीर त्रुटियां हैं। अर्थशास्त्रीय ढंग से देखें, तो परियोजना में विलंब, लागत में बढ़ोतरी, भविष्य के लाभों को लेकर संशय दिखता है, वहीं, समाजशास्त्र के नजरिये से यह परियोजना मछुआरों के विस्थापन, अमीर और श्रमिक वर्ग के बीच अंतराल को बढ़ाने वाली साबित होगी। इसके अलावा, परियोजना से तटीय गांवों की महिलाओं पर बोझ बढ़ेगा, जिससे उन्हें जीवन यापन के लिए किसी दूसरी जगह जाकर घरेलू नौकर भी बनना पड़ सकता है। तटीय पारिस्थितिकी स्वाभाविक ही नाजुक होती है। ऐसे में, बड़ी परियोजनाएं बड़े नुकसान की वजह बन सकती हैं। चक्रवात जैसी अप्रत्याशित मौसमी घटनाओं का कहर भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार मछली पकड़ने, तटीय संरक्षण, पर्यटन, पानी की गुणवत्ता, संस्कृति व सौंदर्य के मूल्यों इत्यादि की हानि से पारिस्थितकीय तंत्र से जुड़ी सेवाओं का प्रति वर्ष होने वाला नुकसान कुल मिलाकर रुपये 2,027 करोड़ का होना अनुमानित है। यह आंकड़ा केरल के लिए इस परियोजना को अव्यवहार्य बनाता है।

# पुलिस एक्ट देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए जरूरी है पुलिस सुधार

वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन होती है और प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं द्वारा जनता के वोट लेने होते हैं। ब्रिटिश कालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन संशोधन विधेयकों को राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है। तीनों नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों द्वारा दूर कर दिया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस ऐक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा,



तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती। वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन होती है और प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं द्वारा जनता के वोट लेने होते हैं। नतीजतन सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे पर पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में, नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे। देश की बाहरी सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी सेना की है और आंतरिक सुरक्षा पुलिस संभालती है। सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगा दिया था, जिसके तहत पुलिस ने पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद कर दिया। आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें पर 1996 तक केंद्र सरकार ने पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। तब डीजीपी रहे पुलिस अधिकारी प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती। जाहिर है कि आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए। तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित आपराधिक कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर निर्भर है।

# भारत ग्लोबल साउथ को कर सकता है एकजुट लेकिन वैश्विक अव्यवस्था के बीच लेने होंगे संकल्प

भारत का उदय स्वाभाविक रूप से निगरानी और खतरों को जन्म देता है, क्योंकि घरेलू राजनीति भू-राजनीति को प्रभावित करती है। कामकाज की शैली और प्रतिक्रियाओं के मापांकन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। भावनात्मक विश्लेषण के इस युग में लाठियां और पत्थर तो हड्डियों को चोट पहुंचाएंगे, लेकिन शब्द कलंकित कर सकते हैं। दुनिया समय और घटनाओं के मोड़ पर है। नए वर्ष में प्रवेश के बीच, उभरते संकटों ने नाराजगी और संशय के साये को जन्म दिया है। अंतहीन युद्ध और राष्ट्रीय हित की पुनर्परिभाषा विकास की संभावनाओं को धूमिल कर रही है। ऐसी धारणा बढ़ती जा रही है कि नियम आधारित विश्व व्यवस्था वैश्विक अव्यवस्था में बदल रही है। यह संदर्भ भारत के लिए मायने रखता है कि वह परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर दुनिया में कैसे अपनी क्षमता को आगे बढ़ाता है। जैसे-जैसे हम प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के चुनावी वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, भू-राजनीति की विषमताएं सामने आ रही हैं। भारत को इससे बचना होगा और खुलकर अपने विकल्पों पर विचार करना होगा। बहस के लिए परिस्थितियां तैयार करने का एक उपयोगी लेंस नए वर्ष पर संकल्प लेने की परंपरा है। इस परंपरा का सार चिंतन, पहचान और पुनर्स्थापना है। राष्ट्रीय आयात के मुद्दों पर और भू-राजनीतिक क्षेत्र में नियम आधारित



व्यवस्था बनाए रखने और उसका लाभ उठाने के मुद्दों पर सफलता आम सहमति बनाने की कला में निहित है। यहां कुछ प्रस्ताव सुझाए गए हैं, जिनकी शुरुआत उन बहुपक्षीय एजेंसियों में सुधारों से होती है, जिन्हें नियम-आधारित विश्व व्यवस्था को मजबूत करने का काम सौंपा गया है और जिस पर भारत ने काफी समय और श्रम खर्च किया है। संयुक्त राष्ट्र एक ऐसी अपवाद संस्था है, जो उत्तरोत्तर अपनी प्रासंगिकता घटाती जा रही है। इसी कारण आज दुनिया भर में 30 से अधिक संघर्ष के क्षेत्र बन चुके हैं। यूक्रेन युद्ध में किसी के विजेता होने की उम्मीद नहीं है और लगभग हर कोई चाहता है कि गाजा में युद्ध खत्म हो। शांति बाध्यकारी और गैर-बाध्यकारी संकल्पों में उलझी हुई है और उसे वीटो की ताकत वाले उन देशों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो वैश्विक आबादी के छठे हिस्से से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र में न्यायसंगत प्रतिनिधित्व और सुधारों के लिए समझौता करने और वीटो धारक देशों से निपटने के लिए जी-20 की तरह ग्लोबल साउथ को एकजुट कर सकता है। भारत का उदय स्वाभाविक रूप से निगरानी और खतरों को जन्म देता है, क्योंकि घरेलू राजनीति भू-राजनीति को प्रभावित करती है। कामकाज की शैली और प्रतिक्रियाओं के मापांकन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। भावनात्मक विश्लेषण के इस युग में लाठियां और पत्थर तो हड्डियों को चोट पहुंचाएंगे, लेकिन शब्द कलंकित कर सकते हैं। भारत को दुनिया भर में अपने विदेशी सेवा कैडर का विस्तार करने की जरूरत है, ताकि वे उन परिभाषाओं पर सहयोग कर उन्हें फिर से तैयार करने में मदद कर सके, जो मायने रखती हैं। इसके लिए सक्रिय ढाल बनाने, अप्रासंगिक सिद्धांतों का मुकाबला करने और दोहरेपन को उजागर करने की आवश्यकता है। दोहा के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की विफलता के बाद से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का मृत्युलेख लिखा जा रहा है। मुक्त व्यापार के विचार को इसके प्रचारकों ने ही त्याग दिया है, जो अब संरक्षणवाद की वकालत कर रहे हैं। डब्ल्यूटीओ की अपीलीय संस्था 2020 से मृत है और मध्यस्थता सहयोगी व्यापारिक गुटों तक सीमित है। कैनकन में हुई मंत्रिस्तरीय बैठक की तरह भारत को डब्ल्यूटीओ की वैधता को फिर से जिलाने के लिए अर्थव्यवस्थाओं का गठबंधन बनाने की जरूरत है। बेहतर दिशा में पहला कदम उठाने से अगले मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी करने और अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। वर्ष 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में गठित दो संस्थानों, आईएमएफ और विश्व बैंक, ने उस समय के उद्देश्य पूरे कर लिए हैं। अतएव नई वास्तविकताओं के अनुरूप इनकी भूमिकाओं को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है। भारत डिजिटल बुनियादी ढांचे में अग्रणी और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत के पास सहयोग करने और एक नया ढांचा पेश करने का अवसर है। आईएमएफ को राहत पैकेज से आगे बढ़कर आने वाले संकटों की भविष्यवाणी करने के लिए डाटा पेश करने और लचीलेपन के लिए नीतियां तैयार करने की जरूरत है। जबकि विश्व बैंक को अर्थव्यवस्थाओं में बदलाव को वित्तपोषित करने के लिए नए ढंग से स्थापित किया जाना चाहिए। चूंकि भारत वैश्विक बदलाव का भागीदार है, उसे अपने विकास को बनाए रखने के लिए घरेलू स्तर पर क्षमता तैयार करने और लचीलेपन की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान से पता चलता है कि अगले चार दशकों तक भारत की कामकाजी आबादी घटने वाली नहीं है। लेकिन जनसांख्यिकी नियति नहीं है। भारत को व्यवसाय मॉडल में विघटनकारी बदलाव के खातिर तैयार रहने के लिए मानव पूंजी में निवेश करना चाहिए। स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर अधिक खर्च करने का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। गारंटी के इस दौर में क्या राजनीतिक दल स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास के लिए धन खर्च करने पर प्रतिबद्धता जताएंगे? जनमत सर्वेक्षणों में बेरोजगारी शीर्ष चिंता का विषय है। नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि 45 प्रतिशत से अधिक श्रमिक कृषि से प्राप्त राष्ट्रीय आय के छठे हिस्से पर निर्भर हैं और मात्र 11 फीसदी लोग विनिर्माण नौकरियों पर निर्भर हैं। संरचनात्मक रूप से केवल 20.8 फीसदी श्रमिक ही नियमित वेतन पर काम करते हैं, 22 फीसदी आकस्मिक मजदूर हैं। जनसांख्यिकीय उभार का उल्टा होना राज्य सरकारों द्वारा श्रम कानूनों व विनियमों में सुधार और निवेश शिखर सम्मेलन के साथ पीएलआई योजनाओं जैसी नीतियों के तालमेल पर निर्भर करता है। और हां, रोजगार सृजन की बेहतर मैपिंग इसमें मदद करेगा, जो नीति आयोग के लिए उपयुक्त कार्य है। भारत वादे और प्रदर्शन के चौराहे पर खड़ा है। सफलता राष्ट्रीय हित पर विभिन्न पार्टियों के बीच सहमति पर निर्भर करती है। इसके लिए घरेलू राजनीति में संवाद की बहाली जरूरी है। संसद में हुआ तमाशा और पार्टी हित पर जोर चिंताजनक है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि अगर चीजें गलत होती हैं, तो यह खराब संविधान के कारण नहीं, बल्कि %बुरे लोगों% के कारण होंगी। भारतीय राजनीति में अच्छे लोगों को अवश्य सामने आना चाहिए।

# भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 20 गांव के किसानों की सभा संपन्न हुई

द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत




**उन्नाव।** पिंडोखा चौराहे पर कानपुर उन्नाव रिंग रोड से संबंधित भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 20 गांव के किसानों की सभा संपन्न हुई जिसमे किसानों ने किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक श्री अजय अनमोल के समक्ष जमीन का सर्किल रेट 08 वर्षो से न बड़ाए जाने से किसानों को उनकी भूमि की बाजारू कीमत से भी आधी कीमत ही मिल पा रही है जबकि 4 गुना कीमत केवल छलावा है क्योंकि सर्किल रेट बाजारू कीमत से कई गुना कम है जमीन का सर्किल रेट बड़ा कर ही किसानों के साथ न्याय हो सकता है। इस मौके पर किसानों की समस्याएं सुनने के बाद प्रदेश संयोजक श्री अजय अनमोल ने किसानों की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण का नया कानून सन् 2013 में बड़े संघर्ष के बाद इसी उद्देश्य से सरकार ने बनाया था कि किसानों को उनकी जमीन की वास्तविक कीमत से चार गुना कीमत मिलेगी। लेकिन रिंग रोड भूमि अधिग्रहण के मामले मे 8 वर्ष से सर्किल रेट ही न बड़ाये जाने से उनकी भूमि की वास्तविक कीमत से भी आधी कीमत मिलना कानून का खुला मजाक है और बड़े आश्चर्य की बात है कि इस मुद्दे पर कोई ठोस पहल भी किसी स्तर से नही की जा रही हैं नए कानून का लाभ किसानों को तभी मिल सकता है जब सरकार प्रति वर्ष जमीन का सर्किल रेट बड़ाए इससे काले धन पर भी रोक लगेगी और किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण में किसान को उसकी जमीन की वास्तविक कीमत भी मिल सकेगी उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर शासन और प्रशासन स्तर पर बात करेंगे और किसानों का पक्ष रखेंगे इस मौके पर, जिला उपाध्यक्ष सुभाष कुमार राजपूत , तहसील अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत,ब्लाक अध्यक्ष हरिभाहन राजपूत, राज वर्मा ,श्रीकांत रावत, किसान नेता अश्वनी त्रिवेदी ,अखिलेश राजपूत ,दिनेश राजपूत, अवधेश वर्मा ,किशन गौतम ,ने सभा को संबोधित किया।सभा में बड़ी संख्या में किसानों और महिलाओं ने भाग लिया

# किसानों ने कलेक्ट्रेट के बाहर जलाई गन्ने की होली किया धरना प्रदर्शन

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश चौहान व प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम वर्मा के आवाहन पर पूरे प्रदेश के ज़िला मुख्यालयों के साथ साथ ज़िला हापुड़ के ज़िलाध्यक्ष पवन हूण के नेतृत्व में किसानों ने गन्ना हाथों में लेकर नारेबाज़ी करते हुए पैदल मार्च निकालते हुए आनन्द बिहार कलेक्टरेट पहुँचकर गन्ने की होली जलाई औऊ धरना प्रदर्शन कर अपर ज़िलाधिकारी को माँग पत्र सौंपते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना पेराई सत्र 2023-24 के गन्ना मूल्य का निर्धारण अभी तक नही किया गया है। गन्ने के इतिहास में इतना विलंब किसी सत्र में नहीं किया गया है हालाकि आपके द्वारा 25 सितंबर 2023 को आपके द्वारा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में आपने गन्ना मूल्य में वृद्धि किए जाने हेतु आश्वस्त किया गया था। हाल में ही जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में एक कार्यक्रम में आपके द्वारा गन्ने के मूल्य में वृद्धि कर मूल्य घोषित करने की बात कही गई है प्रदेश में इस बार प्राकृतिक आपदा एवं बीमारी के चलते गन्ना का उत्पादन कम होने के कारण शुगर मिलो एवं कोल्हू/ क्रेशर में प्राइसवार छिड़ी हुई है। क्रेशर में 400 कुंतल तक गन्ना खरीदा जा रहा है। किसान मूल्य घोषित न होने के कारण असमंजस की स्थिति में है। पंजाब एवं हरियाणा में गन्ने का मूल्य घोषित किया जा चुका है भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा आयोजित जिला मुखालय पर प्रदर्शन के माध्यम से मांग करते है कि उत्तर प्रदेश के गन्ना पेराई सत्र 2023-24 का गन्ना मूल्य अविलंब घोषित किया जाये। इस ज्ञापन देने वालो में पवन हूण गुर्जर जिलाध्यक्ष हापुड़ संजय हूण, रवि भाटी, राधे लाल त्यागी, कटार सिंह, राजेंद्र गुर्जर मोनू त्यागी अमित त्यागी, जितेंद्र नागर अनिल हूण, लीले प्रधान ,तपेश गुर्जर, अर्पण तेवतिया, सुरेंद्र चौहान मनोज तोमर, विनोद तोमर सुन्दर कुमार आर्य आदि सहित हज़ारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# अक्षत वितरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**बछरावां रायबरेली।** बीते 500 वर्षो के संघर्ष एवं लाखो राम भक्तों के बलिदान के पश्चात 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा हैद्य इसके शुभ अवसर पर भारतवर्ष के प्रत्येक प्रदेश के प्रत्येक जनपद के प्रत्येक परिवार के प्रत्येक व्यक्ति तक अयोध्या धाम से पूजित अक्षत श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा पहुंचाने का काम किया जा रहा हैद्य इसी कड़ी में आज बछरावां खंड की शेखपुर समोधा ग्राम सभा के गजियापुर, रूस्तमखेड़ा, अर्जुनगंज, मेहरबान खेड़ा गांव में ग्राम सभा की अक्षत वितरण टोली के द्वारा अक्षत वितरण कार्यक्रम चलाया गयाद्य अक्षत वितरण कार्यक्रम के इस मौके पर राम भक्तों के द्वारा डमरू, घंटी व शंख ध्वनि एवं भक्ति संगीत के साथ-साथ जय श्री राम के नारे भी लगाए गएद्य अक्षत वितरण कार्यक्रम के इस मौके पर डॉक्टर मंगलेश मिश्रा, डॉ महेंद्र अवस्थी, ऋषि मिश्रा, हेमू सिंह, राजेश गुप्ता, चंद्रशेखर राजपूत, मोहित अवस्थी, शौर्य मिश्रा, सत्यनारायण कुशवाहा, राम शंकर राजपूत सहित भारी संख्या में राम भक्त मौजूद रहेद्य

## एक नज़र

### सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल उ.प्र.सड़क पर उतर कर अनिश्चित कालीन आंदोलन करेगी

द अचीवर टाइम्स निखिल मिश्रा



**लखनऊ।** केन्द्र सरकार के द्वारा बिना बस और ट्रक ड्राइवर एसोसिएशन से वार्ता किए एवं विश्वास में लिए बगैर यदि ÷हिट एण्ड रन÷ नए कानून को लागू किया जाता है तो बस और ट्रक हड़ताल को समर्थन देते हुए सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल उ.प्र.सड़क पर उतर कर अनिश्चित कालीन आंदोलन करेगी.. रामबाबू रस्तोगी प्रदेश अध्यक्ष सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश जैसा कि ज्ञात हुआ है कि सड़क सुरक्षा को लेकर नए कानून ÷हिट एण्ड रन÷ के प्रावधान लागू होने के पहले ही, दिन सरकार के काले कानून के विरोध में सोमवार को वाहन चालक अचानक हड़ताल पर चले गए। हड़ताल का असर उत्तर प्रदेश के कई जिलों के साथ-साथ लगभग 12 राज्य जैसे उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, पंजाब, महाराष्ट्र,दिल्ली,राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में भी रहा। केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण करने के लिए हिट एंड रन कानून में बदलाव किया जा रहा है। ड्राइवर इस कानून का विरोध कर रहे हैं। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर को 10 साल तक कैद और 7 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी ने कहा कि केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द देश के समस्त ट्रांसपोर्टरो के संगठनों से वार्ता कर सुझाव के आधार पर ही नए कानून को लागू करने की प्रक्रिया को अपनाना चाहिए। श्री रस्तोगी ने यह कहा कि देश में व कई प्रदेशों में बस और ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से अब जन-सामान्य के वस्तुओं की उपलब्धता पर असामान्य स्थित हो सकती है, जिसके परिणाम स्वरूप दैनिक उपयोग की चीजों जैसे सब्जी, अनाज, दवाई इत्यादि की अनुउपलब्धता होने से काला-बाजारी और महंगाई बढ़ सकती है, इसलिए सरकार को इस सम्पूर्ण प्रकरण पर तत्काल उचित एवं संतोष जनक कदम ही उठाना चाहिए। रामबाबू रस्तोगी ने यह भी कहा कि यदि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने समय से बस एवं ट्रक ड्राइवरों की जरूरी मांग पर सकारात्मक विचार नहीं किया तो आगामी भविष्य में होने वाले जन-सामान्य की परेशानी को देखते हुए सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी अपने सभी प्रदेश संगठन के माध्यम से सभी जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ इस आंदोलन को समर्थन देते हुए जन-सामान्य को भविष्य में इस हड़ताल से होने वाली परेशानी के दृष्टिगत सड़क पर उतर कर हल्ला बोल आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की होगी।

### चिलवल के पेड़ से लटकता मिला शव

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**सरोसी ।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बनकटा गांव के बाहर ईट भट्ठा के पास चिलवल के पेड़ में एक युवक कि शव फांसी पर लटका मिला ।शव देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ह। कोतवाली क्षेत्र निवासी बीरेन्द्र राजपूत ( 21 )पुत्र हीरालाल मजदूरी करता था। युवक का शव फांसी पर लटका मिला ।मौके सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजन उन्नाव नहर के पास से शव वापस घटनास्थल ले आये, शव वापस की जानकारी मिलते पुलिस ने दोबारा शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा बीती रात बनकटा गांव निवासी बीरेंद्र राजपूत पुत्र हीरालाल अपने घर से कुछ दूरी पर पाण्डेय ब्रिक फिल्ड के किनारे खड़े चिलवल के पेड़ मे मफलर से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की मृतक छः भाई बहन थे।

### केरल से लखनऊ लौटा युवक निकला कोरोना पॉजिटिव, विभाग में मची खलबली, संपर्क में आए लोगों की जांच शुरू

**लखनऊ।** निगोहा के रहने वाला युवक बीते साल दिसंबर माह केरल के त्रिवेंद्रम दर्शन करने गए थे। बीती 29 दिसंबर को वह वापस लौटा था। सर्दी-जुखाम व बुखार की शिकायत हुई। केरल से लौटा युवक कोरोना पॉजिटिव मिला है। इससे विभाग में खलबली मची है। नए वैरिएंट को लेकर विभाग सर्तक है। अफसरों ने पॉजिटिव आए मरीज के परिवारीजन व उसके संपर्क में आए लोगों के नमूने लिए हैं। वहीं पॉजिटिव आए युवक का नमूना जीनोम के लिए भेजा गया है। निगोहा के रहने वाला युवक बीते साल दिसंबर माह केरल के त्रिवेंद्रम दर्शन करने गए थे। बीती 29 दिसंबर को वह वापस लौटा था। सर्दी-जुखाम व बुखार की शिकायत हुई। नजदीकी डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने कोरोना जांच की सलाह दी। युवक ने पीजीआई में कोरोना की जांच कराई। जांच में वह पॉजिटिव आया है। मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई।

# स्वर्गीय शिवराज सिंह सभी के लिए प्रेरणास्रोत थेः विधानसभा अध्यक्ष

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला






**मल्लावां हरदोई।** मल्लावां स्थित जूनियर हाईस्कूल में प्रख्यात शिक्षाविद स्व0 शिवराज सिंह व डॉ आलोक नीलू की पुण्य स्मृति में निःशुल्क हाईब्रिड बीज वितरण, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा व मोतियाबिंद ऑपरेशन, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा निःशुल्क ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में माननीय विधायक बिलग्राम-मल्लावां आशीष सिंह आशू द्वारा किया गया। माननीय विधायक ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने स्व0 शिवराज सिंह व आलोक नीलू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि माननीय विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय शिवराज सिंह सभी के लिए प्रेरणास्रोत थे। उनके द्वारा दिये संस्कारों के साथ विधायक बिलग्राम-मल्लावां लोगों की सेवा में दिन रात लगे हुए हैं। माननीय सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने बिलग्राम-मल्लावां विधायक के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के प्रति वे अत्यंत समर्पित हैं। पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि फाउंडेशन कैम्प के माध्यम से लोगों की बहुत बड़ी सेवा कर रहा है। संघ प्रचारक कौशल किशोर ने कहा कि स्व0 शिवराज सिंह संस्कारों के सच्चे वाहक थे। माननीय विधायक बिलग्राम-मल्लावां ने कहा कि फाउंडेशन लगातार निःस्वार्थ भाव से आमजन की सेवा कर रहा है। दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन के संयोजक डॉ अभिलाष पटेल ने स्व0 शिवराज व नीलू का जीवन वृत्तांत सुनाया। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले क्षेत्र के लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने किसानों को मिनी बीज किट वितरित किये। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल वितरित किये। उन्होंने कृषि मेले व स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत मे विधायक बिलग्राम-मल्लावां ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा दिल्ली के लिए दो व अयोध्या के लिए एक बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, जिलाध्यक्ष भाजपा हरदोई अजीत सिंह बब्बन, जिलाध्यक्ष भाजपा उन्नाव अवधेश कटियार, माननीय विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, माननीय विधायक चरखारी ब्रजभूषण राजपूत, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# महायज्ञ के माध्यम से हरदोई में नया इतिहास रचने जा रहे पंडित अनमोल कृष्ण शास्त्री

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला



बेनीगंज/हरदोई। मथुरा स्थित अनमोल गुरूकुलम के संस्थापक व कथा व्यास अनमोल कृष्ण शास्त्री द्वारा अपनी जन्मभूमि हरदोई में विकास खण्ड अहिरोरी के गांव काईमाऊ में मन्दिर निर्माण के उपरांत भगवान ओंकारेश्वर महादेव,बालाजी महाराज, भगवती दुर्गा व भगवान श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन का संकल्प किया गया है। कार्यक्रम अगामी 2 मार्च से 10 मार्च 2024 तक चलेगा। कार्यक्रम में देश के कोने कोने से साधु सन्तो के आने की सम्भावना है। विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि ऐसा विशाल धार्मिक आयोजन हरदोई जनपद में कभी नहीं हुआ है। बता दें कि एक साधारण ब्राह्मण परिवार में जन्में अनमोल कृष्ण शास्त्री को बचपन से ईश्वर में अटूट विश्वास था। जानकारी अनुसार वह हरदोई नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ रहे थे उसी दौरान जीआईसी स्कूल में एक सन्त से क्षणिक भेंट हो गयी वहीं से वह उनके साथ वृंदावन चले आये। उस समय उनकी उम्र मात्र 10 वर्ष थी। अनमोल के स्कूल से अचानक गायब होने से पूरा परिवार परेशान सा हो गया। पिता शिवकुमार तिवारी गांव में खेती-बाड़ी करते थे। पुत्र के गायब होने से दुखी रहने लगे। एक लम्बे समय तक खोजबीन करने के बाद भी जब बेटे का पता नहीं चला तो सभी अनहोनी मानकर गुमशुम हो गये। तभी करीब 2 वर्ष बाद अनमोल अपने घर वापस लौटे। बेटे को जिंदा देखकर पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी। अनमोल ने अपने साथ घटी घटना को अपने माता पिता को बताया तो माता पिता के खुशी का ठिकाना न रहा। उसके बाद वह परिवार की नजर में मथुरा में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने लगे। अनमोल कृष्ण शास्त्री को हरदोई से वृंदावन ले जाने वाले सन्त ने भागवत कथा विद्यालय संचालित करने वाले महान संत श्री नाथ शास्त्री को सौंप दिया। जिन्होंने इनको भागवत कथा के अलावा वेद शास्त्र आदि का ज्ञान कराया। भागवत आदि की शिक्षा पूरी करने के बाद अनमोल कृष्ण शास्त्री ने सनातन धर्म को मजबूती देने की गरज से 2010 में अनमोल गुरूकुलम की स्थापना की। आज गुरूकुलम में करीब 3000 हजार छात्र भागवत कथा व वेदाध्ययन में लगे हुए हैं। इसके उपरांत अनमोल कृष्ण शास्त्री ने 2023 में अयोध्या में अनमोल गुरूकुलम की एक शाखा को खोली। शास्त्री को अपनी जन्मभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा व विश्वास है। इसीलिए मथुरा में पूरी तरह स्थापित होने के बाद भी अपने गाव में मन्दिर निर्माण कराने का मन बनाया। मंदिर के निर्माण कार्य को पूरा होने के बाद प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भागवत कथा, रास लीला जैसे धार्मिक आयोजन कर जनपद में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे है। जिसमें देश के कोने कोने से हजारों संत, श्रद्धालु, भक्तो का महासंगम होगा। ऐसे बड़े आयोजन से यह निश्चित है कि काईमऊ गांव की पवित्र भूमि और पवित्र हो जायेगी। श्री अनमोल कृष्ण शास्त्री ने अपने गाव में इस धार्मिक आयोजन को पूर्ण कर भारत के प्रसिद्ध कवि रहे मुरारीलाल शर्मा, बालबन्धू की लिखी प्रार्थना जिसे सन 1961 से स्कूलो में करायी जा रही है की एक पंक्ति ÷जिस देश जाति में जन्म लिया, बलिदान उसी पर हो जावे÷ को चरितार्थ करते दिखाई देते नजर आ रहे हैं।

### चोरी की 06 अदद धान की बोरियो के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही में मंगलवार को बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-02/2024 धारा-379/411 भादवि से संबंधित अभियुक्त शुभम पुत्र रामअवध निवासी ग्राम जवाहरखेडा मजरे मलपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की गयी 06 धान की बोरियो के साथ थाना क्षेत्र के शारदा नहर पुल के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली इस पुलिस टीम उप-निरीक्षक वागीश कुमार मिश्र, थाना आरक्षी हरेन्द्र कसाना, आरक्षी मेहताब आलम मौजूद रहे।

# कटनी पुलिस का अभियान, नए साल में नशे को कहे ना समाज को नशा मुक्त बनाने निकल गई रैली

❖कटनी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर किया गया आयोजन।
❖कटनी पुलिस का अभियान नए साल में नशे को कहें ना।

द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय




**मध्य प्रदेश, कटनी।** कटनी जिले के कोतवाली क्षेत्र में नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में छात्र और छात्राएं द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई । इस जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं के साथ स्काउट गाईड एवं यातायात पुलिस भी मौजूद रही, यह रैली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में घूमते हुए स्टेशन चौराहे में आकर समाप्त हुई इस दौरान मुख्य चौक चौराहों पर नौजवानों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई । नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा ने कहा कि नशे का सेवन करने पर इंसान हिंसात्मक रूप धारण करने लगता है। नशे की लत में किसी के साथ भी लड़ाई झगड़ा करने लगता है नशा करने वाला इंसान अपना आपा खो देता है उसे याद भी नहीं रहता है कि वह कहां है क्या कर रहा है नशे का सेवन करने वाला इंसान घरेलू हिंसा को दावत देता है वह अपने घर में अपने बीवी बच्चों के साथ मारपीट करता है और अपने नशे की अपराध में दुनिया में कदम रखता है। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान में रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, थाना प्रभारी कुठला अभिषेक चौबे, थाना प्रभारी एनकेजे उनि. नीरज दुबे, सूबेदार मोनिका खडसे, सूबेदार उमेश दुबे अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहे ।

# हड़ताल के बीच पेट्रोल के लिए हाहाकार, पंपों पर लगी लंबी कतार

द अचीवर टाइम्स निर्मल सैनी



**लखनऊ।** हिट एंड रन कानून के खिलाफ चालकों की हड़ताल से ईंधन समेत अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। राजधानी लखनऊ में ट्रक, टैंकर व अन्य मालवाहक वाहनों के पहिये थमने से मंगलवार को पेट्रोल-डीजल, दूध-सब्जी व अन्य जरूरी सामान नहीं पहुंचा। हड़ताल से कहीं पेट्रोल की किल्लत न हो जाए, इस आशंका पर लोग कार व बाइकों में पेट्रोल भरवाने के लिए पंपों पर उमड़ पड़े। मलिहाबाद,माल रहीमाबाद में स्थित पेट्रोल पंप पर दोपहर करीब तीन बजे पेट्रोल भरवाने के लिए लंबी लाइन लग गई।पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बताया कि जो लोग 100-50 रुपये का तेल भरवाते थे, वे पूरी टंकी फुल करा रहे थे। शहर के बाकी पंपों पर भी यही हाल देखने को मिल रहा है।अगर यही स्थिति आगे भी रही तो ईंधन आपूर्ति न होने से कार, बाइक का भी संचालन ठप होने की आशंका से इनकार नहीं कर सकते। फिलहाल ईंधन को जो स्टॉक है, वो भी तेजी से खत्म हो रहा है। वहीं मंगलवार पेट्रोल-डीजल खत्म होने की आशंका पर लोगों की अचानक भीड़ भी उमड़ पड़ी है।

# ताज पर साल के पहले दिन टूटा भीड़ का रिकॉर्ड

## दिन भर लगा रहा जाम, रेंग-रेंगकर चले वाहन

संवाददाता



**आगरा।** पूर्वी गेट पर तीन और पश्चिमी गेट पर सैलानियों के लिए पांच टिकट काउंटर खोले गए बावजूद इसके भीड़ के भारी दबाव में सैलानियों को ताज में प्रवेश के लिए एक घंटे तक कतार में इंतजार करना पड़ा। ताज के दीदार के लिए भीड़ ने साल के पहले दिन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। करीब 70 हजार सैलानी पहुंचे। पिछले साल यह संख्या 35 से 40 हजार के बीच थी। टिकट की खिड़की से लेकर प्रवेश और मुख्य द्वार और गुंबद तक लंबी-लंबी कतार लगी रही। हालात ये रहे कि मुख्य गुंबद तक पहुंचने में सैलानियों को 3 घंटे तक लग गए। ताजमहल में पिछले साल एक जनवरी को 35 हजार सैलानियों ने टिकट खरीदे थे। जबकि इस साल यह आंकड़ा करीब 45 हजार पहुंच गया। पूर्वी गेट पर तीन और पश्चिमी गेट पर सैलानियों के लिए पांच टिकट काउंटर खोले गए बावजूद इसके भीड़ के भारी दबाव में सैलानियों को ताज में प्रवेश के लिए एक घंटे तक कतार में इंतजार करना पड़ा। आमतौर पर दंपती के साथ बच्चे भी होते हैं। 15 साल से कम आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं और वीआईपी पर्यटकों को शामिल कर लिया जाए तो सोमवार को सैलानियों की संख्या करीब 70 हजार पहुंचती है।

**दिल्ली की बच्ची गिरी, पांच टांके लगे**

परिवार के साथ ताजमहल घूमने आई चार वर्षीय बच्ची भावना गिर पड़ी। पर्यटन थानाध्यक्ष नीलम राणा ने बताया की बच्ची के परिजन फोटो ले रहे थे, इसी दौरान बच्ची ताजमहल के अंदर सीढ़ियों से गिर गई। उसके माथे पर चोट लगी थी। घायल बच्ची को एंबुलेंस से शांति मांगलिक अस्पताल भेजा गया, जहां उसके माथे पर 5 टांके लगाए गए। उपचार के बाद पिता चंदन सिंह (निवासी भजनपुरा) बेटी को साथ लेकर चले गए।

**दो पर्यटकों का रक्तचाप गिरा**

मौसम के मिजाज से दो सैलानियों का रक्तचाप गिरने से उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें उपचार के लिए शांति मांगलिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली की जाफराबाद निवासी 40 वर्षीय महिला शमा खान का बीपी लो हो गया, जिन्हें तत्काल ही एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। वहीं तेलंगाना के 35 वर्षीय पुरुष रमेश निवासी संगरेड्डी मंडल मेंडाक को चक्कर आने पर तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जांच में चिकित्सक ने बीपी लो और डिहाइड्रेशन बताया। प्राथमिक उपचार के बाद रमेश को भी परिजन अपने साथ ले गए।

**सर्वर की भी रही समस्या**

ताजमहल के संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेई ने बताया कि ताज पर सोमवार को रिकॉर्ड पर्यटकों की आवाजाही रही। हालांकि सही संख्या की जानकारी मंगलवार को ही हो पाएगी। सोमवार को सर्वर की समस्या के चलते टिकटों की सही संख्या बताना मुश्किल है। यह तय है कि पिछले साल से काफी अधिक भीड़ थी। सैलानियों की संख्या ने क्रिसमस का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

# बंबा में मिला युवक का शव, एक सप्ताह पूर्व हुआ था लापता, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी



**आगरा।** एक सप्ताह पूर्व लापता हुए युवक का शव बंबा में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में पुलिस जांच कर रही है। फिरोजाबाद के थाना रजावली क्षेत्र स्थित बंबा में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वह एक सप्ताह पूर्व लापता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। गांव मंडलपुर निवासी धर्मेंद्र (35) पुत्र रामसनेही एकलौता पुत्र था। वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया है कि धर्मेंद्र एक सप्ताह पूर्व काम करने की कहकर घर से निकला था। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसका शव सोमवार को ग्रामीणों ने नगला बीच स्थित बंबे में पड़ा देखा। शव का पता चलते ही लोगों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। जहां शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। मृतक के पांच पुत्री और दो पुत्र हैं। पुलिस का कहना है शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही बात सामने आएगी।

**सड़क हादसे में घायल वृद्धा की मौत**

जनपद मथुरा क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में घायल वृद्धा की मौत हो गई। उसके शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। थाना टूंडला के क्षेत्र हजरतपुर निवासी कृपा देवी (74) मथुरा के फरह क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हो गई थी। उनका उपचार चल रहा था।उपचार के दौरान रविवार की रात उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतका के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतका के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## एक नज़र

### अयोध्या धाम के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के उद्घाटन के दौरान मुस्तैद दिखे यूपीएसएसएफ के जवान

संवाददाता



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 दिसंबर को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का उद्घाटन किया गया इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के 06वीं वाहिनी विशेष सुरक्षा बल द्वारा महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा की जा रही है। उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के जवानों द्वारा एयरपोर्ट में प्रवेश करने वाले यात्रियों तथा गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी अत्याधुनिक उपकरणों से की जा रही है इन जवानों को एयरपोर्ट ड्यूटी के संदर्भ में अपर पुलिस महानिदेशक एल वी एंटनी देव कुमार द्वारा ब्रीफिंग किया गया था इन जवानों को एयरपोर्ट पर तैनात होने से पहले 03 माह विशेष प्रशिक्षण दिया गया है इस प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा शाखा द्वारा सुरक्षा संबंधी उपकरणों का प्रशिक्षण दिया गया है व यूपी एटीएस द्वारा आधुनिक हथियारो का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है तथा यूपीएसडीआरएफ द्वारा किसी भी आपदा से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है इसके अतिरिक्त इन जवानों को एयरपोर्ट सुरक्षा संबंधी 05 दिवस इंडक्शन कोर्स, 14 दिवस का एवशेक बेसिक कोर्स, 05 दिवस का ऑन जॉब ट्रेनिंग, 05 दिवस का स्क्रीनर्स से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है तथा दिनांक 22.01.2024 को प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए ये सभी जवान आतंकी खतरो, भीड़ भाड़ से निपटने के लिए पूर्ण सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी का संपादन कर रहे हैं महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय के अपर पुलिस महानिदेशक एल वी एंटनी देव कुमार, सेनानायक ओम प्रकाश यादव , 06वीं वाहिनी विशेष सुरक्षा बल के सेनानायक त्रिभुवन सिंह तथा उपसेनानायक अभय मिश्रा उपस्थित रहे । यह जानकारी मीडिया से प्रभारी विवेक श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय लखनऊ द्वारा दी गई है।

### कुलपति ने छात्रों व शिक्षकों संग मनाया नववर्ष, दी बधाई

विदेशी छात्र-छात्राओं ने कुलपति के साथ खिंचवाए फोटो, नववर्ष की दी बधाई



संवाददाता

**कुमारगंज अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व शिक्षकों ने कुलपति आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी मीना सिंह ने भी सभी को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी लोगों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए नववर्ष की बधाई दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी कुलपति को बुके भेंट कर नववर्ष की बधाई दी। विदेशी छात्र-छात्राओं ने भी कुलपति को बधाई दी और उनके साथ फोटो खिंचवाए। छात्र-छात्राओं ने कविताएं, शायरी एवं गाना गाकर नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस दौरान कुलपति ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ-साथ आगे के होने वाले विकास कार्यों के बारे में भी सभी को अवगत कराया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को एक बड़े ऑडिटोरियम की आवश्यकता है जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर विश्वविद्यालय नैक में ++ ग्रेड हासिल करता है तो बड़े स्तर पर कई सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी इससे विश्वविद्यालय का और तेजी के साथ विकास होगा। उन्होंने बताया कि एनआइआरएफ रैंकिंग में 35 वां स्थान मिला जो पूरे विवि के लिए गर्व की बात है। विवि को क्लीन एंड ग्रीन कैंपस के लिए कई अवार्ड व सर्टिफिकेट मिल चुके हैं। केवीके बस्ती को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यूजीसी नेट में विवि के 77 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है, साथ ही साथ दूसरे देशों श्रीलंका, जिम्बाब्वे, नेपाल आदि से विदेशी छात्र-छात्राओं का प्रवेश शुरू हो गया है। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र- छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# पत्नी की हत्या फिर इंजीनियर मेट्रो के आगे कूद गया,खुशहाल परिवार के अंत की वजह बना नशा

संवाददाता




**आगरा।** गाजियाबाद के कौशांबी मेट्रो स्टेशन पर इंजीनियर गौरव ने कूदकर जान दे दी। उन्हें गंभीर हालत में पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या से पहले इंजीनियर ने अपनी पत्नी की हत्या की थी। आगरा के दयालबाग के अशोका एन्क्लेव के रहने वाले गौरव शर्मा अपनी पत्नी लक्ष्मी रावत और डेढ़ साल के बच्चे अविरल के साथ डीएलएफ फेज-3 में हंसी खुशी रहते थे। आर्थिक रूप से संपन्न होने के बाद भी नशे की लत ने जिंदगी बर्बाद कर दी। दंपती में विवाद होता रहता था। दोनों गुरुग्राम से वापस अपने घर आना चाहते थे। मगर, इससे पहले ही यह घटना सामने आ गई। मृतका लक्ष्मी के पिता और गौरव के ससुर राजेश रावत ने बताया कि तीन साल पहले बीए पास बेटी की शादी इंजीनियर गौरव शर्मा के साथ की थी। गौरव के आगरा में दो मकान हैं और खेती के लिए भी सात एकड़ जमीन भी है। गौरव गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में वैल्यु लगाने का काम करते थे। बीच में कई बार गौरव अपनी परेशानी बताकर उनसे पैसे मांगते थे। इस पर उन्होंने एक माह पूर्व ही उसे 50 हजार रुपये दिए थे। राजेश रावत ने बताया कि दामाद ने एक माह पहले नौकरी छोड़ दी थी और घर पर ही रहते थे। चार दिन पहले उसकी बेटी और दामाद से बात हुई थी। इस पर उन्होंने दोनों को गुरुग्राम से आगरा आने को कहा था। इसके लिए उन्होंने अपने आगरा के किराये पर दिए एक मकान को खाली करा दिया था। दोनों को 20-25 दिन में दयालबाग में शिफ्ट होना था। ससुर ने आरोप लगाया कि दामाद गौरव नशे के आदी थे। वह कई प्रकार के नशे का सेवन करते थे। नशे के खातिर ही बेटी की निर्मम हत्या के बाद डेढ़ साल के बेटे को भी मारने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में नशे के कारण गौरव को नशामुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराना पड़ा था। आरोपी चरस, सुल्फा और गांजा जैसे नशीले पदार्थ का सेवन करता था।

**गौरव के माता-पिता भी कर चुके हैं आत्महत्या**

राजेश रावत ने बताया कि गौरव के माता-पिता ने भी आत्महत्या की थी। परिवार वालों ने गौरव के नशे की लत की बात छिपा ली थी। पहले पता होता तो गौरव के साथ बेटी की शादी नहीं करते। बेटी की हत्या की घटना से राजेश टूट चुके हैं। उनका कहना है कि बेटी ने कभी अपनी परेशानी उन्हें नहीं बताई।

**डेढ़ साल के मासूम की कौन करेगा देखभाल**

राजेश का आरोप है कि गौरव ने बेटी की हत्या करने के बाद उसके डेढ़ साल के बेटे को भी मारने का प्रयास किया। उसके सिर पर भी चोट के निशान हैं। वह अस्पताल में भर्ती है। गौरव के घर पर उसके चाचा प्रेमचंद बचे हैं। ऐसे में बच्चे की देखभाल उन्हें ही करनी पड़ेगी।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में चक्का जाम, शीतलहर घंटे तक बसों का इंतजार, यात्री हुए परेशान

**आगरा।** हिट एंड रन कानून के विरोध में चक्का जाम रहा। पूर्वाह्न 11 बजे के बाद बस स्टेशनों से बसें नहीं निकलने दी गई। शीतलहर में कई घंटे तक बसों का इंतजार करते हुए यात्री परेशान रहे। आगरा में हिट एंड रन कानून के विरोध में प्राइवेट और अनुबंधित बस व ट्रक चालकों ने सोमवार को चक्का जाम कर दिया। आईएसबीटी से लेकर जिले के किसी भी बस स्टैंड से अनुबंधित बसें नहीं निकली। प्राइवेट बसों का संचालन बंद रहने के कारण ट्रैवल एजेंसियों से जुड़ी बसें भी संचालित नहीं हुई। इससे यात्रियों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई। हड़ताल के दौरान प्राइवेट बस चालकों ने कई जगह हंगामा किया और हाईवे पर बसों को रोकने की कोशिश की। वहीं ट्रक चालकों ने भी हाईवे पर ट्रक खड़ा कर जाम लगाया।

## कड़ाके की सर्दी से जन जीवन प्रभावित



❖ कोहरे की चादर मे लिपटा, सड़को और बाजार मे परसा सन्नाटा

संवाददाता

**आगरा।** कड़ाके की सर्दी और कोहरे के चलते जन मानस की दिन चर्या प्रभावित हो गई। बही कड़ाके की सर्दी से सड़को ओर बाजारों मे सन्नाटा परस गया। जिले मे शीत लहर और कड़ाके की सर्दी, कोहरे के चलते जन जीवन प्रभावित हो गया है। ट्रेन घंटो देर से पहुंची। कोहरे के चलते ताज नगरी के रेलवे स्टेशनपर छ से चौदह घंटे देर से ट्रेन पहुंची जिससे यात्रियों को सर्दी मे इंतजार करना पड़ा है वही खेरिया हवाई अड्डे की उड़ान भी रद्द करनी पड़ी है।

हर तरफ जल रहे है अलाव

सर्दी से बचने के लिए शहर मे हर तरह अलाव जल रहे है जिससे लोग सर्दी से निजात पा सके इतना ही नहीं सडको के किनाने बने रेन बसेरो मे लोग गुजारा कर रहे है।

आलू का पाल मे झूलसा से जला

जिले के बाह फतेहाबाद फतेहपुर सीकरी खंदोली और एत्मादपुर क्षेत्र के दर्जन भर गावों मे कड़ाके की सर्दी से आलू का पाला झूलसा से जुलस गया जिससे आलू के किसान झूलसा से बचाव के लिए छीड़काव करते नजर आये।

मौसम विभाग जारी किया एलर्ट

मौसम विभाग ने ब्रज मे तेज वारिश होने का एलर्ट जारी किया है जिससे कहा गया है कि 48घंटे के अंदर तेज वारिस होने की संभावना व्यक्त की है

## युवाओं ने केक काटकर नए साल का मनाया जश्न



संवाददाता

**महोली (सीतापुर)।** नए साल का जश्न कई जगहों पर अलग-अलग ढंग से मनाया गया। युवाओं में नए साल को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। युवा वर्ग ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर नए वर्ष का स्वागत किया और गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे को बधाई दी। रात्रि में बारह बजते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया और देर तक आतिशबाजियों से शहर गुंजायमान रहा। लोगों ने केक काटकर नए साल की खुशी मनाई। वही नगर के युवा वर्ग के लोगों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर राधा कृष्ण पार्क में केक काटकर जश्न मनाया। इस दौरान पार्क में काफी भीड़ देखने को मिली। इस मौके पर नगर के युवाओं के द्वारा बाबा बैजनाथ धाम के निकट पुल के पास केक काटकर जश्न मनाया गया जिसमें अंकित वर्मा, शिव वर्मा, कुणाल वर्मा, चंदन साहब, आकाश कश्यप, अमित शुक्ला ,विशाल शुक्ला सहित अन्य दोस्तों ने एक दूसरे को केक खिला कर नए साल की बधाइयां दी।

## केन्द्र सरकार के दुर्घटना संबंधी कानून पर कांग्रेस पार्टी ने जताया विरोध



संवाददाता

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए दुर्घटना संबंधी नए कानून की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को बिना ट्रक ड्राइवरों की सहमति के कानून नहीं बनाना चाहिए। दुर्घटना से मृत्यु पर 10 लाख का जुर्माना और सात साल की सजा का कानून गलत है। ट्रक ड्राइवर किसान मजदूर के बेटे हैं। केंद्र सरकार को यह कानून वापस लेना चाहिए। किसान गरीब मजदूर अपने परिवार का पालन पोषण इस महंगाई के दौर में मुश्किल से ही कर पा रहे हैं। ऊपर से बीच-बीच में डरावने कानून बनाकर भय का माहौल पैदा किया जा रहा है।केंद्र सरकार को किसान मजदूर के कर्ज माफ करने चाहिए । राजस्थान में जो 450 रुपये सिलेंडर की घोषणा की है, वह उत्तर प्रदेश में भी की जाए। इसको लेकर जल्द किसान मजदूर एक प्लेटफार्म पर लाकर कांग्रेस जन एक बड़ा आंदोलन करेंगे ।

## आगरा में बीच चौराहे पर दो भाइयों को मारी गोली, हमलावर हुए फरार, एक की हालत गंभीर

संवाददाता




**आगरा।** आवास विकास के करकुंज चौराहे पर सरेआम दो भाइयों को गोली मार दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। आगरा की आवास विकास कॉलोनी स्थित करकुंज चौराहा पर सोमवार की रात दो भाइयों को गोली मारी गई। दो हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायर किए। एक भाई की गर्दन तो दूसरे के हाथ के पास गोली लगी। हमलावर आसानी से भाग गए। दोनों घायलों को परिजन अस्पताल ले गए, जहां उपचार कराया गया। उधर, घटना से दहशत में दुकानों के शटर गिर गए, जिससे बाजार बंद हो गया। सेक्टर-11 निवासी यशपाल चौधरी प्रापर्टी डीलर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि छोटा बेटा सचिन चौधरी भी साथ काम करता है, जबकि बड़ा प्रवीन नौकरी करता है। सोमवार रात 9 बजे दोनों होटल से खाना खाकर बाइक से घर लौट रहे थे। करकुंज चौराहे के पास सेक्टर 10 निवासी रंजीत धाकरे और सोनू ने रोक लिया। वह कुछ समझ पाते, तब तक फायरिंग शुरू कर दी। सचिन की गर्दन में गोली लगी, जबकि प्रवीन के हाथ से रगड़ती हुई गोली निकल गई। पुलिस बूथ के पास घटना हुई। मगर, पुलिस नहीं थी। इस वजह से हमलावर आसानी से भाग निकले।

**परिजन को फोन किया, फिर गए अस्पताल**

गोली लगने के बाद दोनों भाई सड़क पर पड़े थे। गोली की आवाज से अफरातफरी मच गई। लोग दूर खड़े हो गए। इस पर घायल भाइयों ने परिजन को फोन किया। इस पर परिजन पहुंच गए। दोनों को सिकंदरा स्थित अस्पताल लेकर आए। सचिन की हालत गंभीर बनी है।

**हमले के पीछे रंजिश**

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि दोनों हमलावरों के नाम बताए गए हैं। गोली मारने का कारण नहीं बताया गया है। घटना के पीछे आपसी विवाद की बात सामने आई है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## खेत में एक साथ दिखे तीन अजगर, ग्रामीणों में फैली दहशत, वन विभाग की टीम ने पकड़े

**आगरा।** एक साथ तीन अजगर खेत से निकले तो दहशत फैल गई। किसान की सूचना पर आई वन विभाग की टीम ने अजगरों को पकड़ा और अपने साथ ले गई। मैनपुरी के कुसमरा में इटावा रोड पर कोरी नाला के समीप खेतों में एक साथ तीन अजगर निकलने से वहां काम कर रहे किसानों में दहशत फैल गई। किसानों ने अजगर निकलने की वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी अजगरों को पकड़कर अपने साथ ले गए। सोमवार की दोपहर कुछ किसान खेतों में सरसों की फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के एक खेत में 10 फीट लंबा अजगर दिखाई पड़ा। अजगर देखकर किसानों और राहगीरों में दहशत फैल गई। अफरातफरी का माहौल बन गया। किसान फसल को छोड़कर खेतों से भाग निकले। शोर होने पर अजगर पास के एक मिट्टी की ढाय में चला गया।

## नव वर्ष पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पूजा-अर्चना के साथ नववर्ष हुई शुरुआत



संवाददाता

**महोली (सीतापुर)।** नगर में सोमवार को नूतन वर्ष-2024 की शुरुआत इबादत, अरदास, प्रार्थना और पूजा के साथ की गई। सनातन धर्मावलंबियों ने मंदिर, मुसलमानों ने मस्जिद, ईसाइयों ने चर्च और सिखों ने गुरुद्वारे में माथा टेक कर नए साल की मंगल कामना की. नगर के धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही काफ़ी भीड़ रही. शहर के मंदिरों में नववर्ष पर पूजा के लिए भक्तों की भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली. सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा. वहीं बाबा बैजनाथ धाम, बाबा टेकेश्वर धाम, प्राचीन हनुमान मंदिर व नेरी बालाजी मंदिर में भक्तों की भीड़ सबसे ज्यादा देखने को मिली. नव वर्ष की मंगल कामना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे. सभी मंदिरों में स्थापित देवी-देवताओं से लोगों ने नववर्ष में आशीर्वाद मांगा।

# उत्तराखंड में दूसरे दिन भी थमे ट्रक-ऑटो के पहिए
## हड़ताल से परेशान लोग...यात्री बेबस

संवाददाता



**उत्तराखंड।** केंद्र सरकार की ओर से हिट एंड रन को लेकर बनाए जा रहे नए कानून के विरोध में वाहन चालक सड़क पर उतरे हैं। गढ़वाल विक्रम टेंपो वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सर्वसम्मति से दो और तीन जनवरी को ऑटो और विक्रम संचालित न करने का फैसला लिया गया। हड़ताल के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ऑटो और विक्रम चालकों ने वाहनों का संचालन खुद नहीं किया और दूसरों को भी नहीं करने दिया। हालत यह रही कि धर्मनगरी में ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की हड़ताल के चलते वर्ष के पहले दिन गंगा स्नान और देव दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। हर तरफ माथे पर सामान लादे लोग पैदल आवागमन करते दिखे। इक्का-दुक्का चालकों ने वाहन चलाने की कोशिश की तो उन्हें यूनियन के अन्य चालकों ने रोक दिया। पूरे दिन सड़क पर तमाशा चलता रहा। विरोध प्रदर्शन के दौरान वाहन चालकों ने कानून को वापस लेने की मांग की।

**हड़ताल पर ऑल इंडिया मोटर**

ऑल ओवर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर राव अखलाक ने कहा कि ऑल इंडिया मोटर कांग्रेस के बैनर तले ट्रक चालक आज भी हड़ताल पर रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये का जुर्माना का प्रावधान वापस नहीं लिया तो मजबूरन हड़ताल करनी होगी। अकेले उत्तराखंड में पांच हजार से ज्यादा वाहनों के पहिए जाम हो जाएंगे। सिडकुल की कंपनी से रात में गाड़ी लोड होने के बाद अन्य राज्यों को जाने वाले वाहन जैसे ही सड़क पर निकले उन्हें आंदोलनकारी चालकों ने रोक दिया। वहीं, बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों को भी सिडकुल में जाने से रोक दिया गया। करीब 2ः30 बजे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद यातायात सुचारू हो सका।

**वाहन चलाना छोड़ मजदूरी कर लेंगे लेकिन कानून बर्दाश्त नहीं करेंगे**

वाहन खड़े कर आंदोलन कर रहे ट्रक चालक मुमताज अहमद, अकरम हुसैन, रिफाकत अली, राजेंद्र कुमार अत्री, शमशीद अली, भीम प्रसाद, सतपाल, अंकित, राजू, विशाल, सचिन, नईम, दीपक पाल, शौकीन, सुनील, आयुष, उत्कर्ष आकाश, बिट्टू, अवधेश यादव आदि ने केंद्र के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। नारेबाजी के बीच इन्होंने कहा कि ट्रक चालक दस हजार रुपये की नौकरी करते हैं। उन्हें 10 वर्ष की सजा होगी और पांच लाख रुपये जुर्माना देना होगा तो वह गाड़ियों को चलाने से बेहतर दिहाड़ी मजदूरी कर लेंगे।

**हड़तालः संगठन के पदाधिकारी बोले पीड़ा बयां कर रहे चालक**

हरिद्वार ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष लज्जे राम अत्री ने कहा की सोमवार को जिस तरह से वाहन चालकों ने प्रदर्शन कर सड़क पर जाम लगा दिया। उससे साफ जाहिर है कि वाहन चालकों में हिट एंड रन कानून को लेकर रोष पनप रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों ने बिना संगठन को बताए, सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, यह उनकी पीड़ा है। बल्कि जिस व्यक्ति का परिवहन विभाग ने लाइसेंस जारी कर दिया। यह उन सबकी पीड़ा बन चुकी है। वाहन चालक प्रत्येक सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। आम आदमी के साथ सभी लाइसेंस धारी इस हिट एंड रन कानून की चपेट में आ रहे हैं।

## बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे नवागत कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, चांदी द्वार से किए दर्शन



संवाददाता

**उज्जैन।** नवागत कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने आज पदभार ग्रहण करने के पहले बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल के दर्शन किए और उसके बाद नंदी हाल में बैठकर पूजन के दौरान एक संकल्प भी लिया। इस दौरान उनके साथ श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी भी मौजूद रहे। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नवागत कलेक्टर नीरज कुमार सिंह आज सुबह बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचे थे। जहां लगभग पांच पंडितों की उपस्थिति में आपने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजा अर्चन किया और उसके बाद नंदी हाल में बैठकर बाबा महाकाल की विशेष पूजा अर्चना कर एक संकल्प भी लिया।

**किया गया स्वागत सम्मान**

पूजन अर्चन के दौरान श्री सिंह बाबा महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दिए। जब पुजारीगण महामृत्युंजय के मंत्रों का जाप कर रहे थे तब वह भी इन मंत्रों को पढ़ते दिखाई दिए। बाबा महाकाल के दर्शन व पूजन के बाद नवागत कलेक्टर श्री सिंह ने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना कही। पूजा अर्चन के बाद श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह का स्वागत सम्मान भी किया गया।

## एक नज़र

### अयोध्या से लौटे बुजुर्ग को कोरोना हुआ, 24 घंटे में पांच मरीज मिले

संवाददाता




**इंदौर।** 31 दिसंबर को दो और एक जनवरी को Coronavirus के तीन मरीज मिले। स्वास्थ्य विभाग ने सर्दी बुखार होने पर जांच करवाने के लिए कहा। इंदौर में कोरोना Coronavirus के केस बढ़ते ही जा रहे हैं। 24 घंटे के अंदर ही इंदौर में पांच मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इनमें से चार को होम आइसलोट किया गया है जबकि एक को एडमिट किया गया है। इन सभी को पहले वैक्सीन लग चुकी है। सभी मरीजों के सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए एम्स (भोपाल) भेज दिए गए हैं। 31 दिसंबर को दो मरीज मिले थे और एक जनवरी को तीन मरीज मिले हैं। 31 दिसम्बर को दो मरीज मिले इनमें एक बिचौली हप्सी निवासी 75 वर्षीय वृद्ध हैं जबकि दूसरा राजेंद्र नगर निवासी 20 वर्षीय युवक है। सोमवार को तीन पॉजिटिव मिले जिसमें से एक विजय नगर निवासी 79 वर्षीय वृद्ध हैं। वे हाल ही में अयोध्या से लौटे हैं। उन्हें हल्के लक्षण हैं और एडमिट किया गया है। दूसरा 34 वर्षीय युवक न्यू पलासिया का रहवासी है। एक अन्य अनूप नगर निवासी 69 वर्षीय बुजुर्ग है। वे थाईलैंड से लौटे थे। डॉ. मालाकार ने स्पष्ट किया कि सैंपल कलेक्शन (कोरोना) के लिए कुल 13 सेंटर हैं जिनमें एमजीएम मेडिकल कॉलेज, मानपुर, महू, हातोद, देपालपुर, बेटमा व सांवेर हैं। शहरी में जिला अस्पताल, पीसी सेठी, बाणगंगा, मांगीलाल चूरिया, हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक व मल्हारगंज सिविल हॉस्पिटल हैं। यहां आरटीपीसीआर की जांच होती है लेकिन डॉक्टर का परामर्श जरूरी है।

### देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने पकड़ी रफ्तार, 24 घंटे में 636 नए मामले, जेएन.1 के मरीज 200 पार

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में केरल में दो और तमिलनाडु में एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गई। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी। देश में कोरोना संक्रमण के 636 नए मामले सामने आए हैं, जिससे उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,394 हो गई है। साथ ही नए उपस्वरूप जेएन.1 के 37 नए मामले मिलने के बाद इसके मरीजों की संख्या 200 पार कर गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में केरल में दो और तमिलनाडु में एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गई। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, अब तक संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या 4.4 करोड़ से अधिक हो गई है।

**किस राज्य में कितने जेएन.1 वैरिएंट के मामले**

जेएन.1 वैरिएंट से संक्रमित लोगों की संख्या बताने के लिए ढ्ढहृस्ष्टहृत्र ने राज्यवार आंकड़े भी जारी किए। सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक केरल (83), गोवा (51), गुजरात (34), कर्नाटक (आठ), महाराष्ट्र (सात), राजस्थान (पांच), तमिलनाडु (चार), तेलंगाना (दो) ओडिशा (एक) और दिल्ली में एक मामला रिपोर्ट किया गया है।

**जेएन.1 वैरिएंट के दिसंबर में 179 मामले**

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में देश में 179 कोविड-19 संक्रमित लोगों में छ्वहृ.1 वैरिएंट पाया गया। नवंबर में ऐसे 17 मामले दर्ज किए गए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्ख॥ह्र) ने जेएन.1 वैरिएंट के बारे में कहा है कि इसके प्रसार की गति तेज है। हालांकि, यह %वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट% है। इससे संक्रमित होने पर गंभीर रूप से बीमार होने का खतरा नहीं है।

**कोरोना के नए वेरिएंट से डरने की नहीं है आवश्यकाता**

विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने एक साक्षात्कार में बताया है कि हमें नए वेरिएंट से सतर्क रहने की जरूरत है। हमें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हमारे पास सुझाव देने के लिए फिलहाल कोई डाटा नहीं है। हमें सिर्फ सामान्य बचाव के उपायों को अपनाना है। हमें सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। लोगों को बिना मास्क के कम वेंटिलेशन वाली जगह में रहने से बचना चाहिए। आप ऐसे किसी क्षेत्र में हैं तो मास्क जरूर पहने। किसी संक्रमित व्यक्ति के पास जाने से थोड़ा बचें। खुली जगह में रहने की कोशिश करें। अगर बुखार या सांस फूलने जैसी कोई भी समस्या होती है तो अस्पताल जरूर जाएं। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह ध्यान देना होगा कि अभी सर्दी का मौसम है। हमें सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। भारत में अब तक 21 मामले सामने आए हैं, जिससे लोगों में फिर से घबराहट हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी कहना है कि वर्तमान साक्ष्यों के आधार पर जेएन-1 का जोखिम कम है।

**राज्यों को निगरानी बढ़ाने का निर्देश**

ढ्ढहृस्ष्टहृत्र के मुताबिक कोरोना वायरस के जेएन.1 सब-वैरिएंट को पहले बीए.2.86 का प्रकार माना गया। हालांकि, बीते कुछ हफ्तों में 40 से अधिक देशों में छ्वहृ.1 मामले सामने आ चुके हैं। तेजी से फैलते संक्रमण को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निरंतर निगरानी बनाए रखने को कहा है।

## खूब सता रहा कोहरा... हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में येलो अलर्ट
## जानें इस हफ्ते मौसम का मिजाज

संवाददाता



**देहरादून।** मंगलवार को हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले में सुबह और रात को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में छाया कोहरा लोगों को सता रहा है। सुबह घरों से निकलने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। खासतौर पर वाहन चालकों के सामने इस समय चुनौती है। प्रदेश के कुछ जिलों को छोड़ अधिकतर जिलों में आज कोहरा छाया हुआ है। बीते कुछ दिनों से सता रहा कोहरा का सितम इस सप्ताह भी जारी रहेगा। बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी न होने से सूखी ठंड खूब सताएगी। हालांकि, दिन में मौसम शुष्क रहने से ठंड का अहसास होगा। इसके साथ ही दिन के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस का इजाफा देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से मंगलवार को हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले में सुबह और रात को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया था। जबकि, प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क होने की संभावना जताई गई थी। सोमवार को दून का अधिकतम दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पंतनगर का तापमान एक डिग्री इजाफे के साथ 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुक्तेश्वर का तापमान दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 14.5 और नई टिहरी का तापमान

## शहडोल में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, एक की मौत, चार गंभीर घायल



संवाददाता

**शहडोल।** शहडोल के चाका गांव में अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई, जिसमें सवार 5 लोग गंभीर घायल हुए है, उपचार के दौरान एक की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। संभागीय मुख्यालय से सटे गांव ग्राम चाका में अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार पांच लोगों को गंभीर चोट आई है। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तत्काल कार में सवार सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

**सभी को कराया गया भर्ती**

इधर, पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि कार में सवार सभी चाका गांव के रहने वाले हैं। ये सब शाहपुर से चाका लौट रहे थे, तभी चाका गांव के पास ही कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। जिसके बाद कार में सवार अनिल महरा, धरनीस महरा, संदीप वर्मा, गोलू वर्मा और राम महरा को गंभीर चोटें पहुंची थी। जहां उपचार के दौरान राम महरा की मौत हो गई है। वहीं पुलिस का कहना है की घटना पाली थाना क्षेत्र की है।

## आवासीय छात्रावास के लोकार्पण पर सीएम धामी ने की घोषणा

➤ प्रदेश के 11 हाईस्कूल होंगे उच्चीकृत।

संवाददाता



**देहरादून।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ के जिस भवन का लोकार्पण किया गया, मुख्यमंत्री ने पिछले साल उस भवन का शिलान्यास किया था। प्रदेश के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास के निकट के 11 हाईस्कूलों को इंटर कालेज के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ के भवन का लोकार्पण करते हुए यह घोषणा की। सबसे अधिक पांच विद्यालय हरिद्वार, एक अल्मोड़ा, दो टिहरी, दो उत्तरकाशी और एक विद्यालय देहरादून जिले का है। मुख्यमंत्री ने कहा, छात्रावास भवन का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर है। उनके जीवन से हमें ऊर्जा, परिश्रम और संकल्प से ही महान कार्य करने की सीख मिलती है। राज्य में कमजोर, पिछड़े, अनाथ एवं संसाधनविहीन बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के लिए इस तरह के 13 छात्रावास संचालित हैं, जिनमें 1,000 बच्चों के लिए मुफ्त व्यवस्थाएं की गई हैं। कहा, बालिकाओं के लिए 40 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास अलग से संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें सभी सुविधाएं मुफ्त हैं। सीएम ने कहा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावासों में रह रहीं बालिकाओं ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साधनविहीन एवं कमजोर पृष्ठभूमि की इन बालिकाओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन करना इस बात का प्रमाण है कि हमारी बालिकाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। कहा, आवश्यकता है तो केवल इन्हें समुचित अवसर एवं सही मार्गदर्शन देने की। कहा, बेटियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कराना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते उनकी कोशिश है कि राज्य के हर बच्चे को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करा सकें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा, उन्हें जो मन से अच्छा लगे वो कॅरियर चुनें, क्योंकि बिना रुचि के आप कोई सफल काम नहीं कर सकते। कहा, अपनी रुचि के अनुसार हम आगे बढ़ते हैं तो जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। इस मौके पर विधायक सविता कपूर, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, निदेशक एससीईआरटी वंदना, निदेशक बेसिक शिक्षा रामकृष्ण उनियाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट, अपर राज्य परियोजना निदेशक मुकुल सती, सीईओ प्रदीप कुमार रावत, मदन मोहन जोशी आदि मौजूद रहे। संचालन बीपी मैंदोली ने किया।

**अभिभावक के रूप में बच्चों के साथः धामी**

सीएम धामी ने कहा, हर बच्चे को शिक्षा मिले यह सरकार की प्राथमिकता है। मुख्य सेवक के रूप में और एक अभिभावक के रूप में वह बच्चों के साथ हैं। बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए जो प्रयास करने होंगे, जो संकल्प लेना होगा वह उससे पीछे नहीं हटेंगे।

**पिछले साल शिलान्यास, इस साल लोकार्पण**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ के जिस भवन का लोकार्पण किया गया, मुख्यमंत्री ने पिछले साल उस भवन का शिलान्यास किया था। विभागीय अधिकारियों ने कहा, यह भवन चार करोड़ नौ लाख 40 हजार रुपये की लागत से बना है। जो एक साल से कम समय में बनकर तैयार हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इस छात्रावास के बच्चों को ड्रेस और कंबल दिए। वहीं, कुछ मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

**प्रदेश के ये विद्यालय होंगे उच्चीकृत**

सीएम की घोषणा से अल्मोड़ा जिले का राउमावि चगेठी इंटर कालेज के रूप में उच्चीकृत होगा। इसके अलावा हरिद्वार का राउमावि बांदीवाला, राउमावि हरजौली जट, राउमावि रानीमजरा, राउमावि गोवर्धनपुर और राउमावि अकबरपुर ऊद, टिहरी जिले का राउमावि आमपाटा, राउमावि कौशल, उत्तरकाशी का राउमावि गंगाणी, राउमावि कंडियाल गांव और देहरादून जिले के राउमावि बनियावाला को इंटर कॉलेज के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा।

## कोरोना के मरीजों में मिल रहे डायरिया के लक्षण

**गाजियाबाद।** इस बार मिल रहे कोरोना के मरीजों में डायरिया के लक्षण मिल रहे हैं। राहत की बात यह है कि जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए नौ सैंपलों में तीन की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मिल चुकी है, इनमें से एक भी मरीज में नए स्वरूप की पुष्टि नहीं हुई है। जो भी संक्रमित हो रहे हैं उनमें सर्दी लगने के बाद उल्टी-दस्त के लक्षण मिल रहे हैं। नौ मरीजों में सिर्फ तीन को बुखार था, जबकि छह में उल्टी, दस्त और सिर दर्द होने के साथ ही सर्दी के लक्षण मिले थे। स्वस्थ हुए सभी मरीजों का इलाज घर पर ही हुआ था। किसी भी मरीज को स्टेरॉयड या हैवी डोज की दवाई की जरूरत नहीं पड़ी है। जिले में 20 दिसंबर से अब तक नौ मरीजों में कोरोना की पुष्टि हो चुकी है, इनमें तीन मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। इस समय जिले में छह मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है।

## जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में घना कोहरा
## दिल्ली में हल्की परत, कई राज्यों में दृश्यता शून्य

संवाददाता




**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में बहुत घना कोहरा देखने को मिल रहा है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश और झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा नजर आ रहा है। हिमालय से आने वाली हवाओं ने उत्तर भारत में ठंड को और बढ़ा दिया है। कई राज्यों में कोहरे की परत नजर आ रही है। कई जगहों पर दृश्यता शून्य से 500 मीटर के दायरे में है। वहीं इसकी वजह से यातायात पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में बहुत घना कोहरा देखने को मिल रहा है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश और झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा नजर आ रहा है। सर्द मौसम की वजह से दृश्यता 500 मीटर तक दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू में शून्य, उत्तराखंड के देहरादून में शून्य, पंजाब के अमृतसर और पटियाला में 500 मीटर, चंडीगढ़ में 200, अम्बाला में 500, दिल्ली के पालम और सफदरजंग में दृश्यता 500 मीटर देखी गई है। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के झांसी में 200, गोरखपुर और वाराणसी में 500, पूर्वी राजस्थान के चूरू में 200 मीटर, डाल्टन गंज में दृश्यता 500 मीटर दर्ज हुई है। वहीं दिल्ली के तापमान की बात करें तो पालम में 9.4 (-2.8) और सफदरजंग में 9.6 (-1.2) तापमान दर्ज किया गया है। दिल्ली के कई इलाकों में ठंड इतनी है कि लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।

**कोहरे के कारण 21 ट्रेनें और 100 से अधिक उड़ानें प्रभावित**

नववर्ष के पहले दिन भी कोहरे के कारण ट्रेन और हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। 21 ट्रेनें और 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रेनें एक से 5 घंटे तक की देरी से चलीं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि एक जनवरी को प्रभावित ट्रेनों में रीवा आनंद विहार एक्सप्रेस सबसे अधिक 5 घंटे की देरी से चली। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनें सर्द हवाओं की वजह से देरी से चल रही हैं। रानी कमलापति भोपाल निजामुद्दीन एक्सप्रेस 4 घंटे, राजेंद्र नगर नई दिल्ली 4 घंटे, हैदराबाद-नई दिल्ली 4 घंटे, और मुंबई- फिरोजपुर 4 घंटे की देरी से चली। भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 3 घंटे, सिकंदराबाद-निजामुद्दीन दुरंतो एक्सप्रेस 3 घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 3 घंटे, प्रयागराज-नई दिल्ली 3 घंटे, भागलपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी से चली। वहीं मंगलवार को भी दिल्ली में 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं बीते कई दिन से उड़ानों में कई घंटे विलंब का यात्रियों को सामना करना पड़ रहा था, लेकिन नए वर्ष के पहले

# दक्षिण अफ्रीका में 1000 टेस्ट रन पूरे कर सकते हैं कोहली धोनी-सहवाग को पीछे छोड़ने के नजदीक राहुल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोहली ने पहले टेस्ट की पारी में 38 और दूसरी पारी में 76 रन बनाए थे। वह शानदार फॉर्म में हैं। उनके पास दक्षिण अफ्रीका की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन पूरा करने का मौका है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला तीन जनवरी से खेला जाएगा। दोनों टीमें केपटाउन के न्यूलैंड्स में आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम सीरीज में 0-1 से पीछे है। उसे सेंचुरियन में खेले गए पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 32 रन से हरा दिया। पिछले मैच में कोहली ने दूसरी पारी में शानदार अर्धशतक लगाया था, लेकिन पारी की हार को नहीं टाल पाए थे।

कोहली ने पहले टेस्ट की पारी में 38 और दूसरी पारी में 76 रन बनाए थे। वह शानदार फॉर्म में हैं। उनके पास दक्षिण अफ्रीका की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन पूरा करने का मौका है। कोहली ने अब तक आठ टेस्ट मैच की 16 पारियों में 52.06 की औसत से 833 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने दो शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। वह अगर दूसरे टेस्ट में 167 रन बनाते हैं तो उनके 1000 रन पूरे हो जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके घरेलू मैदान पर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ने बनाए हैं। उनके नाम 15 टेस्ट की 28 पारियों में 1161 रन है। तेंदुलकर का औसत 46.44 का रहा है। उन्होंने पांच शतक और तीन अर्धशतक जड़े हैं। कोहली अभी उनसे 328 रन पीछे हैं।

इस टेस्ट में उनके लिए तेंदुलकर की बराबरी करना मुश्किल है। दोनों बल्लेबाजों का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ओवरऑल रिकॉर्ड को देखें तो सचिन ने 25 मैचों में 1741 और कोहली ने 15 मैचों में 1350 रन बनाए हैं। केएल राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के मैदान पर अब तक टेस्ट में 361 रन बनाए हैं। उनका औसत 30.08 का रहा है। राहुल ने दो शतक भी लगाए हैं। दक्षिण अफ्रीका में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वह फिलहाल 10वें स्थान पर हैं। उनसे आगे नौवें नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी (370 रन), वीरेंद्र सहवाग (382 रन), अजिंक्य रहाणे (402 रन), सौरव गांगुली (506 रन), चेतेश्वर पुजारा (535 रन), वीवीएस लक्ष्मण (566 रन), राहुल द्रविड़ (624 रन), विराट कोहली (833 रन) और सचिन तेंदुलकर (1161 रन) हैं। राहुल अगर दूसरे टेस्ट में 10 रन बना लेते हैं धोनी से आगे निकल जाएंगे। वहीं, 22 रन बनाने पर सहवाग और 42 रन बनाने पर रहाणे को पीछे छोड़ देंगे। सौरव गांगुली के 506 रन से आगे निकलने के लिए उन्हें 146 रन बनाने होंगे। राहुल ने पहले टेस्ट में शतक लगाया था तो उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 190 रन से हराया

## वनडे सीरीज 3-0 से जीती, लिचफील्ड का शतक

एजेंसी

**मुंबई।** कंगारू टीम ने तीसरा मैच जीतकर भारत का सूपड़ा साफ कर दिया और सीरीज 3-0 से अपने नाम की। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 338 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 148 रन पर सिमट गई और मैच 190 रन से हार गई।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 190 रन से -जीत लिया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने भारत का सूपड़ा साफ कर दिया और सीरीज 3-0 से अपने नाम की। भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, वनडे सीरीज 3-0 से जीतकर कंगारू टीम ने दमदार वापसी की है। अब दोनों टीमों के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 339 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में भारतीय टीम 148 रन पर सिमट गई और मैच 190 रन से हार गई। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए फीबी लिचफील्ड ने 119 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए सबसे



ज्यादा 29 रन स्मृति मंधाना ने बनाए।

339 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छी शुरुआत की। चार ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर बिना किसी नुकसान के 27 रन था। इसके बाद यास्तिका भाटिया 14 गेंद पर छह रन बनाकर आउट हो गई। मेगन शूट ने उन्हें बोल्ड किया। शूट ने मंधाना को भी आउट किया। मंधाना ने 29 गेंद में 29 रन बनाए। कप्तान हरमपनप्रीत भी 10 गेंद में तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गई। ऋचा घोष ने 29 गेंद में 19 रन का योगदान दिया। जेमिमा रोड्रिग्ज 27 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुई। वहीं, अमनजोत कौर आठ गेंद में तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गई। पूजा वस्त्राकर 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। श्रेयांका पाटिल 10 गेंद में दो रन बनाकर आउट हुई। रेणुका ठाकुर अपना खाता तक नहीं खोल सकीं। मन्नत कश्यप आठ रन बनाकर आउट हुई और दीप्ति शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। मेगन शूट, अलाना किंग और एनाबेल सदरलैंड ने दो-दो विकेट झटके। एश्ले गार्डनर को एक विकेट मिला।

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया की दोनों ओपनर बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड और एलिसा ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली शतक से चूक गईं। वह 85 गेंद पर 82 रन बनाकर आउट हो गईं। हीली ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। 29वें ओवर की पांचवीं गेंद पर पूजा वस्त्राकर ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद आईं एलिस पेरी कुछ खास नहीं कर सकीं और नौ गेंद में 16 रन बनाकर अमजोत कौर का शिकार बनीं। श्रेयांका पाटिल ने एक ही ओवर में तहलिया मैक्ग्राथ (0 रन) और बेथ मूनी (3 रन) को आउट कर मैच में भारत की वापसी कराई। लिचफील्ड शतक लगाकर आउट हो गईं। दीप्ति ने उनका विकेट लिया। उन्होंने 125 गेंद में 119 रन बनाए। एनाबेल सदरलैंड 23 और एश्ले गार्डनर 30 रन बनाकर आउट हुईं। अंत में एलना किंग ने 14 गेंद में 26 रन की नाबाद पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 338 रन तक पहुंचा दिया। भारतीय टीम की तरफ से श्रेयांका पाटिल ने तीन और अमनजोत कौर ने दो विकेट लिए। पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

ऑस्ट्रेलिया- फीबी लिचफील्ड, एलिसा हीली (विकेटकीपर/कप्तान), एलिस पैरी, बेथ मूनी, ताहलिया मैक्ग्रा, एश्ले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम, एलाना किंग, किम गर्थ, मेगन शट्ट।

भारत- यास्तिका भाटिया, स्मृति मंधाना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), दीप्ति शर्मा, मन्नत कश्यप, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, श्रेयंका पाटिल, रेणुका ठाकुर सिंह।

# जान्हवी कपूर ने उमराव जान के गाने पर किया दिल चुराने वाला डांस, यूजर्स को याद आई रेखा



दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर आए दिन किसी न किसी कारण से चर्चा में बनी रहती हैं। फिल्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया एक्टिव रहने वाली अभिनेत्री अक्सर अपनी तस्वीरों के साथ-साथ फनी वीडियोज भी साझा करती रहती हैं। लेकिन एक्टिंग, ग्लैमरस दिखने और फनी वीडियो बनाने के साथ ही श्रीदेवी की बेटी जान्हवी कपूर अच्छी डांसर भी हैं। ऐसे में आज जान्हवी कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी डांस प्रैक्टिस का एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने अपने अलग-अलग मूड्स की तस्वीरें भी साझा की हैं। जान्हवी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। हाल ही में जान्हवी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक ऐसी पोस्ट साझा की है, जिसमें वह फैंस को अपने मूड स्विंग्स से भी रू-ब-रू करा रही हैं। इसके साथ ही जान्हवी ने अपनी डांस प्रैक्टिस की वीडियोज भी साझा की हैं, जिसमें वह रेखा के गाने दिल चीज क्या है आप मेरी जान लीजिए गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। उनका यह लेटेस्ट वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है और वह लगातार इस पर कमेंट कर रहे हैं।साझा की गई पोस्ट में डांस वीडियो के साथ-साथ जान्हवी की तस्वीरों को भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। पहली तस्वीर में जहां जान्हवी बॉक्सिंग ग्लव्स पहने दिख रही हैं, वहीं कुछ तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार नजर आ रहा है। इस पोस्ट में उनकी बहन खुशी कपूर की भी एक तस्वीर है। जान्हवी का डांस और उनके वीडियो पर फैंस तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने अभिनेत्री की तारीफ कर लिखा, वीडियो एकदम उमराव जान वाइब्स दे रहा है। दूसरे ने लिखा,आप बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। वहीं एक अन्य ने खुशी की तस्वीर के बारे में लिखते हुए कहा, खुशी इसमें एकदम लड़का लग रही हैं।

# काशी विश्वनाथः जिनके त्रिशूल पर विराजित है वाराणसी नगर





भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में शामिल उत्तरप्रदेश की प्राचीन धार्मिक नगरी वाराणसी में हजारों साल पूर्व स्थापित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर विश्वप्रसिद्ध है। हिन्दू धर्म में सर्वाधिक महत्व के इस मंदिर के बारे में कई मान्यताएं हैं। माना जाता है कि भगवान शिव ने इस 'ज्योतिर्लिंग' को स्वयं के निवास से प्रकाशपूर्ण किया है। पृथ्वी पर जितने भी भगवान शिव के स्थान हैं, वे सभी वाराणसी में भी उन्हीं के सानिध्य में मौजूद हैं। भगवान शिव मंदर पर्वत से काशी आए तभी से उत्तम देवस्थान नदियों, वनों, पर्वतों, तीर्थों तथा द्वीपों आदि सहित काशी पहुंच गए। विभिन्न ग्रंथों में मनुष्य के सर्वविध अभ्युदय के लिए काशी विश्वनाथजी के दर्शन आदि का महत्व विस्तारपूर्वक बताया गया है। इनके दर्शन मात्र से ही सांसारिक भयों का नाश हो जाता है और अनेक जन्मों के पाप आदि दूर हो जाते हैं।

काशी विश्वेश्वर लिंग ज्योतिर्लिंग है जिसके दर्शन से मनुष्य परम ज्योति को पा लेता है। सभी लिंगों के पूजन से सारे जन्म में जितना पुण्य मिलता है, उतना केवल एक ही बार श्रद्धापूर्वक किए गए 'विश्वनाथ' के दर्शन-पूजन से मिल जाता है। माना जाता है कि सैकड़ों जन्मों के पुण्य के ही फल से विश्वनाथजी के दर्शन का अवसर मिलता है। मान्यता है कि शिव के त्रिशूल की नोंक पर वाराणसी शहर बसा है। गंगा नदी के तट पर विद्यमान श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में वैसे तो सालभर यहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना के लिए आने का सिलसिला चलता रहता है, लेकिन सावन आते ही इस मोक्षदायिनी मंदिर में देशी-विदेशी श्रद्धालुओं का जैसे सैलाब उमड़ पड़ता है। विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक यह सिलसिला प्राचीनकाल से चला आ रहा है।

इस मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वालों में आदिशंकराचार्य, संत एकनाथ, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, महर्षि स्वामी दयानंद, गोस्वामी तुलसीदास जैसे सैकड़ों महापुरुष शामिल हैं। वर्ष 1676 ई. में रीवा नरेश महाराजा भावसिंह तथा बीकानेर के राजकुमार सुजानसिंह काशी यात्रा पर आए थे। उन्होंने विश्वेश्वर के निकट ही शिवलिंगों को स्थापित किया। हिन्दू वास्तुकला की यह अनमोल धरोहर इंदौर की महारानी अहिल्याबाई द्वारा वर्ष 1780 ई. में बनवाई गई थी। मंदिर का निर्माण वर्ष 1780 में भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी को पूर्ण हुआ था। वर्तमान मंदिर का स्वरूप और परिसर आज मूल रूप से वैसे का वैसा ही है, जैसा कि महारानी अहिल्याबाई द्वारा वर्ष 1780 ई. में बनवाया गया होगा। पंजाब के महाराजा रणजीतसिंह ने वर्ष 1853 में 1,000 किलोग्राम शुद्ध सोने से मंदिर के शिखरों को स्वर्ण मंडित किया जिसका स्वरूप आज भी विद्यमान है।



मोक्ष लक्ष्मीविलास मंदिर के ही समान इस मंदिर में 5 मंडप बनाने का प्रयत्न किया गया लेकिन विश्वनाथजी के कोने में होने के कारण पूर्व दिशा में मंडप नहीं बन पाया। यही वजह है कि पूर्व दिशा में मंदिर का विस्तार किया गया है। इस विस्तृत प्रांगण में दोनों ओर शाला मंडप निर्मित हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मंदिर परिसर का विस्तार किया जा रहा है। मंदिर के शिखर पर जहां तक स्वर्णमंडन हुआ है, उसके नीचे के भाग को भी स्वर्णमंडित किए जाने का प्रयत्न वर्तमान मंदिर प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। श्रुति स्मृति इतिहास तथा पुराणादि के अनुसार काशी सकल ब्रह्मांड के देवताओं की निवास स्थली है, जो शिव को अत्यंत प्रिय है। काशी में शिव के अनेकानेक रूप विग्रह, लिंग आदि की पूजा-अर्चना की जाती है। शिवपुराण के अनुसार काशी में देवाधिदेव विश्वनाथजी का पूजन-अर्चन सर्व पापनाशक, अनंत अभ्युदयकारक, संसाररूपी दावाग्नि से दग्ध जीवरूपी वृक्ष के लिए अमृत तथा भवसागर में पड़े प्राणियों के लिए मोक्षदायक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि वाराणसी में मनुष्य के देहावसान पर स्वयं महादेव उसे मुक्तिदायक तारक मंत्र का उपदेश करते हैं। पौराणिक मान्यता है कि काशी में लगभग 511 शिवालय प्रतिष्ठित थे। इनमें से 12 स्वयंभू शिवलिंग, 46 देवताओं द्वारा, 47 ऋषियों द्वारा, 7 ग्रहों द्वारा, 40 गणों द्वारा तथा 294 अन्य श्रेष्ठ शिवभक्तों द्वारा स्थापित किए गए हैं। काशी या वाराणसी भगवान शिव की राजधानी मानी जाती है इसलिए अत्यंत महिमामयी भी है। अविमुक्त क्षेत्र, गौरीमुख, त्रिकंटक विराजित, महाश्मशान तथा आनंद वन प्रभृति नामों से मंडित होकर गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों वाली है।





# गर्मियों की कई सेहत समस्याओं से निजात पाने के लिए करें पुदीने का सेवन



shutterstock.com · 1932854231

***गर्मियों का मौसम आते ही भूख कम लगने लगती है, पेट व त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजें खाने की जरूरत होती है जो आपको ठंडक दे और पुदीना इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गर्मियों में पुदीना या मिंट के अलग-अलग इस्तेमाल से कई सेहत लाभ पाए जा सकते हैं। आइए, जानते हैं पुदीनाके ये 8 बेहतरीन घरेलू नुस्खे -***

पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिलाने में लाभकारी है। इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों में जलन की शिकायत रहती है, ऐसे में उन्हें फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके। इससे पैरों की गर्मी भी कम होगी। सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के पने के साथ मिलाकर पीने पर पेट में होने वाली जलन दूर होगी और ठंडक मिलेगी। गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होगा। अगर आपको अक्सर टॉसिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से भी आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करना आपके लिए फायदेमंद होगा। गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है। पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें। यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है व खाने में भी स्वादिष्ट होती है। भूख न लगने या खाने से अरुचि होने पर भी यह चटनी भूख को खोलती है। पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है। वहीं अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे-धीरे चबाएं। कुछ ही देर में आप हिचकी से निजात पा लेंगे। पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है। घाव भरने के लिए भी यह उत्तम है। इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे। पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है। वहीं मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।